#HamarTiranga हमर तिरंगा

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

हर घर तिरंगा — Azadi Ka Amrit Mahotsav

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 14 अगस्त 2022, कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-169 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

कोशिश आखिरी सांस तक
करनी चाहिए
मंजिल मिले या तजुर्बा
चीज़ें दोनों ही नायाब हैं

आज बेबाक

मध्य प्रदेश में एक बाबू करोड़ों की संपत्ति का मालिक निकला तो उत्तर प्रदेश में एक आरटीओ अफसर अरबो का आसामी निकला। जब नौकरशाहों की काली कमाई का ये हाल है तो नेताओं की अवैध कमाई का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। लोकतंत्र को नोटतंत्र बनाने वाले इन भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की नाक में नकेल कंसने के लिए मौजूदा कानून बेमानी साबित हो रहे है। देश को केक समझकर चट करने वाले इस भ्रष्टसूरों को उनकी काली करतूतों की कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। आर्थिक अपराधियों के लिए भी आजीवन करावास का प्रावधान होना चाहिए।

देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज निर्माण में आदिवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री

शासकीय महाविद्यालय गुरुर का नामकरण स्व. डारन बाई तारम के नाम से करने की घोषणा

■ शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा की स्थापना समेत विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

बालोद/कांकेर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को 2 जिलों के दौर पर रहे। सीएम बालोद और कांकेर में अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सुबह 11.30 बजे रायपुर से रवाना हुए और सबसे पहले बालोद जिले के गुरूर में विकासखण्ड के ग्राम कोलिहामार में आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में शामिल हुए। इसके बाद वे कांकेर जिले के विकासखंड मुख्यालय चारामा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। गुरूर ब्लॉक के ग्राम कोलिहामार में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरे देश की भांति हमारे छत्तीसगढ़ में भी शहीद गुण्डाधुर, परलकोट के जमींदार शहीद गैंदसिंह नायक, सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह सहित अनेक आदिवासी महापुरूषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का शंखनाद कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। उन्होंने आदिवासी समाज को शांत, सरल एवं मेहनतकश समाज बताते हुए कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के विकास एवं उनके हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव एवं गोण्डवाना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने दानदाता का किया सम्मान

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दरगहन चौक पर बिरसा मुंडा की मूर्ति की स्थापना हेतु जमीन दान में देने वाले जोशी परिवार का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट कर किया। परिवार की ओर से वयोवृद्ध चंद्रकांत, हरिप्रिया जोशी ने मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नन्हीं बालिका तनुश्री जोशी के साथ भेंट कर तस्वीर भी खिंचाई।

भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का किया अनावरण

मुख्यमंत्री ने कांकेर जिले के विकासखंड मुख्यालय चारामा में भगवान बिरसा मुंडा की लगभग 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। चारामा से कोरर मार्ग पर दरगहन चौक में आदिवासी समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की स्थापना की गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए समाज के गौरव बिरसा मुंडा का स्मरण कर उनकी मूर्ति पर पुष्पहार अर्पित किया। इसके अलावा सीएम ने परिसर में कदंब का पौधे लगाकर उसे सींचा। इस अवसर पर विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर, गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष मानक दरपट्टी, चारामा अध्यक्ष रैनसिंह कांगे, सर्व आदिवासी समाज चारामा अध्यक्ष गौतम कुंजाम, समाज प्रमुख ठाकुर राम कश्यप सहित आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

एथलीट देश के युवाओं को प्रेरित कर रहे : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 से स्वदेश लौटे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वे खेलों में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी देश के युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। मोदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, बीते कुछ हफ्तों में देश ने खेल के मैदान में दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ-साथ देश ने पहली बार शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया है। हमने न सिर्फ आयोजन किया बल्कि शतरंज में अपनी श्रेष्ठ परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अच्छा प्रदर्शन भी किया है। मैं राष्ट्रमंडल खेलों के साथ-साथ ओलंपियाड में पदक जीतने वालों को बधाई देता हूं। पीएम ने कहा, जिन खिलाड़ियों ने पदक जीता वे भी, और जो आगे पदक जीतने वाले हैं वे भी आज प्रशंसा के पात्र हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 का आयोजन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मलिक को झटका, जन्म से मुसलमान नहीं समीर

■ पूर्व एनसीबी अधिकारी को सर्टिफिकेट केस में मिली क्लीन चिट

मुंबई (ए.)। जाति प्रमाण पत्र मामले में एक साल से चल रहे विवाद को खत्म करते हुए कास्ट स्क्रूटनी कमेटी ने एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े को क्लीन चिट दे दी है। समिति ने वानखेड़े के जाति प्रमाण पत्र को भी बरकरार रखा है। 91 पन्नों के एक आदेश में पैनल ने दोनों पक्षों से सबमिशन को हटा दिया था और फिर कहा था कि वानखेड़े जन्म से मुस्लिम नहीं थे। समिति ने यह भी निष्कर्ष निकाला कि समीर वानखेड़े और उनके पिता ज्ञानेश्वर वानखेड़े ने हिंदू धर्म का त्याग नहीं किया था और मुस्लिम धर्म को अपनाया था।

100 करोड़ की हेरोइन और कोकीन जब्त

चेन्नई। चेन्नई एय पोर्ट पर कस्टम्स विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इथियोपियाई एयरलाइंस से अदीस अबाबा से पहुंचे एक यात्री से 9.590 किलोग्राम वजन की हेरोइन और कोकीन जब्त की गई है। इसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के अधिकारी अनिल कुमार की खुफिया जानकारी के आधार पर यह छापेमारी की गई थी। चेन्नई एयर कस्टम द्वारा जारी बयान के मुताबिक, 11 अगस्त को इथोपियन एयरलाइंस द्वारा अदीस अबाबा से पहुंचे एक भारतीय यात्री इकबाल बी उरंदादी को एआईयू अधिकारियों ने रोका। उनसे 9.590 किलोग्राम वजन वाली हेरोइन और कोकीन जब्त की गई।

चंडीगढ़ में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7000 छात्रों ने बनाया ह्यूमन तिरंगा

नई दिल्ली। आगामी 15 अगस्त को देश की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर देशभर में आज से हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में तिरंगा को लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। जानकारी के अनुसार, यहां एक क्रिकेट स्टेडियम में ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस तिरंगे में 7000 छात्रों ने ह्यूमन चेन बनकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी भूमिका निभाई। 15 अगस्त को देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो जाएंगे। इसलिए इस साल केंद्र सरकार की मुहिम के तहत देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आज से हर घर तिरंगा यात्रा भी शुरू हो चुकी है।

दिल्ली में मंकीपॉक्स का 5वां मरीज मिला

■ 22 साल की महिला एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में मंकीपॉक्स का पांचवां मामला सामने आया है। नाइजीरिया की यात्रा कर चुकी अफ्रीकी मूल की एक 22 वर्षीय महिला को मंकीपॉक्स की पुष्टि होने के बाद इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम सभी संक्रमित और संदिग्ध मरीजों का इलाज कर रही है।

लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में मंकीपॉक्स का 5वां मामला सामने आया है।

वीरभ्रद प्रताप सिंह की मौत की जांच का आदेश में कोई परेशानी नहीं : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार को मंत्री टीएस सिंहदेव के रिश्तेदार वीरभद्र प्रताप सिंह की मौत की जांच का आदेश देने में कोई परेशानी नहीं है। सरगुजा जिले के लुंड्रा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष वीरभद्र प्रताप सिंह उर्फ सचिन बाबा (42) का शव शुक्रवार को बिलासपुर जिले में रेल पटरी के पास से बरामद हुआ था। पुलिस को संदेह है कि वह दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान दुर्घटनावश रेलगाड़ी से गिर गए होंगे। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने घटना की न्यायिक जांच की मांग करते हुए सिंह की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होने का आरोप लगाया है। भाजपा द्वारा मामले की न्यायिक जांच की मांग के संबंध में सवाल करने पर बघेल ने यहां संवाददाताओं से कहा, कल मेरी टीएस सिंहदेव जी से (घटना को लेकर) बात हुई थी। उन्होंने इस प्रकार से कोई शंका जाहिर नहीं की। यदि परिवार (सिंह के) के लोग चाहते हैं, तो हमें घटना की जांच कराने में कोई परेशानी नहीं है।''

टीएस सिंहदेव के हैं करीबी रिश्तेदार

वीरभद्र प्रताप सिंह सरगुजा राजपरिवार की धौरपुर शाखा के प्रमुख सदस्य थे। वे स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव के करीब रिश्तेदार सोमेश्वर प्रताप सिंह के पुत्र थे। बिलासपुर जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने बताया था कि वीरभद्र प्रताप सिंह बृहस्पतिवार को दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन से अम्बिकापुर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर उनका शव बरामद हुआ है वहां से ट्रेन रात एक बजे के आसपास गुजरती है। माथुर ने कहा था कि पुलिस को आशंका है कि वीरभद्र दुर्घटनावश ट्रेन से गिर गए जिससे उनकी मृत्यु हुई है।

भाजपा ने जताई राजनीतिक हत्या की आशंका

वहीं, राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। प्रवक्ता और विधायक अजय चंद्राकर ने एक बयान में स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के रिश्तेदार की ट्रेन से गिरकर हुई मौत को संदिग्ध बताया है और आशंका जताई है कि यह राजनीतिक हत्या का मामला हो सकता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमाचल में भूस्खलन से अभी तक 192 की मौत

शिमला/नवप्रदेश। हिमाचल प्रदेश में मानसून के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से जहां अभी तक 192 लोगों की मौत हो गई है। वहीं भारी बारिश की वजह से अब तक 980 करोड़ रुपये की सरकारी और निजी संपत्ति नष्ट हो चुकी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इस दौरान लोक निर्माण विभाग को सबसे ज्यादा 569 करोड़ और जल शक्ति विभाग को 390 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो चुका है। उन्होंने कहा कि अकेले शिमला जिले में भारी बारिश और भूस्खलन से अभी तक 32 लोगों की मौत हो गयी है, जो सबसे अधिक हैं।

91 घर हुए क्षतिग्रस्त: वहीं कुल्लू में अब तक 25, मंडी में 24, चंबा में 19, कांगड़ा में 18, सिरमौर में 17, ऊना में 16 और सोलन में 11 लोगों की मृत्यु हुई।

बांदा : यमुना में नाव डूबने की दुर्घटना में मृतकों की संख्या 11 हुई

बांदा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में दो दिन पहले यमुना नदी में एक नाव डूबने की दुर्घटना में आठ और लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इसके साथ ही इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ककर 11 हो गई है। पुलिस का दावा है कि नाव पलटने से डूबने के बाद 04 लोग अभी लापता हैं। बांदा के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने शनिवार को बताया कि गुरुवार को सीमावर्ती फतेहपुर जिले से बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र के मरका गांव की ओर आ रही 32 यात्रियों से भरी नाव यमुना नदी में डूब गई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद रायपुर पहुंचे साव, हुआ जोरदार स्वागत

■ बारिश के बीच खुली गाड़ी में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की हुई इंट्री

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिलने के बाद अरुण साव शनिवार करीब दो बजे रायपुर पहुंचे। अरुण साव के स्वागत के लिए विमानतल पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, रायपुर सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर, सौरभ सिंह, महेश गागड़ा सहित भाजपा के सभी बड़े नेता मौजूद रहे। एयरपोर्ट में कार्यकर्ताओं से मिलने के दौरान पूर्व मंत्री राजेश मूणत साव की गाड़ी के बोनट पर चढ़ गए। जिंदाबाद का नारा लगाकर उन्हें माला पहनाई। हालांकि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। वो एकात्म परिसर में साव से मिलने प्रदेश के अन्य भाजपा नेताओं के साथ मौजूद थे। वहीं साव के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे सैकड़ों की संख्या में भाजपा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संगठन में होगा बदलाव, कई जिलाध्यक्ष बदलेंगे

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बिना किसी गुट वाले अरुण साव का चयन किया है। प्रदेशाध्यक्ष बदलने के बाद अब नेता प्रतिपक्ष समेत कई संगठन में कई बदलाव होने की चर्चा है। सूत्रों की मुताबिक कई जिलों के जिलाध्यक्ष भी बदले जाएंगे। वहीं, मोर्चा-प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर भी बदलाव होगा।

गरमा-गरम

अलर्ट... **मौसम विभाग ने रायपुर व बिलासपुर संभाग में भारी बारिश की जताई संभावना**

48 घंटों में छत्तीसगढ़ में होगी जोरदार बारिश

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में मानसूनी वर्षा का जोर जारी है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में रुक-रुककर बरसात हो रही है। सबसे तेज बरसात बिलासपुर संभाग के जिलों में हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने रायपुर और बिलासपुर संभाग के जिलों में 48 घंटों में अति भारी वर्षा और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले 24 घंटों में बिलासपुर संभाग और उससे लगे जिलों में एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। इसके लिए मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अगले 48 घंटों में रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदा बाजार, महासमुंद जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी हुआ है। कहा गया है कि इन जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अति भारी वर्षा हो सकती है। वहीं बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, गरियाबंद, रायपुर, दुर्ग, धमतरी और उससे लगे जिलों में भी भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट है। इन जिलों में भारी बरसात की वजह से नदी-नालों में बाढ़, निचली बस्तियों में जल जमाव और फसलों के डूब जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन को आवश्यक तैयारी रखने और सतर्क रहने को कहा गया है।

इसलिए हो रही बारिश

रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक मानसून द्रोणिका उत्तर-पूर्व अरब सागर, नलिया, गुना, सतना, रांची, दीघा, और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है तथा यह और ज्यादा प्रबल होने होने की संभावना है। इसलिए प्रदेश में आज 14 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक साथ भारी वर्षा भी होने की संभावना है।

सोनिया गांधी फिर कोरोना संक्रमित

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना वायरस से फिर संक्रमित हो गई हैं। कांग्रेस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, सोनिया गांधी का कोविड-19 परीक्षण आज पॉजिटिव आया, वह सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार आईसोलेशन में रहेंगी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती गांधी जून की शुरुआत में ही कोविड-19 से संक्रमित हो गई थीं।

स्वतंत्रता के 75 वर्ष, देश में झलक रहा राष्ट्रप्रेम

15 अगस्त 2022 को भारत अपना 75 साल पुरे करके 76 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, इसी दिन हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी। यह दिन आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करने का दिन है। 15 अगस्त के दिन स्कूल, कॉलेजों में भाषण आदि का आयोजन किया जाता है।

ब्रिटिश उपनिवेशवाद से भारत की आज़ादी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं. जब भारत आज़ाद हुआ था तो बहुत-से ब्रिटिश, योरोपीय विशेषज्ञों को मानना था कि भारत आज़ादी को बहुत दिन सम्भाल नहीं पाएगा. पिछले 75 वर्ष एक बहु-सांस्कृतिक देश के राष्ट्र राज्य बनने की और जन प्रतिनिधित्व के आधार पर बने उसके लोकतंत्र की सफलता की कथा है. इसमें कठिन दौर रहे हैं, अभी भी हैं और बहुत सारी चुनौतियाँ और संघर्ष हैं. उन सबके बीच यह एक अवसर है आज़ादी की लड़ाई को याद करने का, अपने लोकतंत्र को जाँचने परखने का और उचित उपलब्धियों पर खुद की प्रशंसा करने का भी. भारत सरकार इस उपलब्धि का जश्न 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के रूप में देशव्यापी पैमाने पर सुनियोजित ढंग से मना रही है. उसी के एक अनुषंग के रूप में इस साल 13 से 15 अगस्त के बीच देशवासियों द्वारा अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का अभियान शुरू किया गया है. इस का उद्देश्य है लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रेरित करना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता फैलाना. यहाँ यह समझने की ज़रूरत है कि हर घर तिरंगा कोई नीति या आदेश नहीं है बल्कि एक जन-अभियान है।

- सरकार का लक्ष्य है कि जनभागीदारी से 20 करोड़ से ज्यादा घरों पर तिरंगा फहराया जाए. आम लोगों के घरों के साथ-साथ इसमें सरकारी और निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे।
- पूरे देश में झंडों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।
- देश के सभी डाकघरों में 1 अगस्त 2022 से राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री शुरू हो गई है।
- राज्य सरकारों ने झंडे की आपूर्ति और बिक्री के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ अनुबंध किये हैं. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को जेम पोर्टल पर भी पंजीकृत किया गया है।
- भारत सरकार ने ध्वज की आपूर्ति की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न ई-कॉमर्स वेबसाइटों और स्वयं सहायता समूहों के साथ अनुबंध किये हैं।
- झंडे डाकघरों से भी ख़रीदे जा सकेंगे. डाकघरों में झंडे की कीमत 25 रुपये रखी गई है।
- इसके अलावा, डिजिटल इंडिया इस अभियान में वर्चुअली भी पार्टिसिपेट कर सकता है. लोग तिरंगे को ऑनलाइन भी खरीद सकेंगे।

क्या कर रही हैं राज्य सरकारें?

देश की स्वतंत्रता के 75वें साल में हम लोग कदम रखने वाले हैं. इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार 11 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मना रही है. वहीं, 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा. इसके तहत करीब साढ़े चार करोड़ तिरंगा फहराने का लक्ष्य प्रदेश सरकार ने रखा है. वहीं, हर घर तिरंगा पहुंचाने की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधों पर है।

दिल्ली सरकार ने इस बार आजादी का जश्न 15 अगस्त आने से दो हफ्ते पहले ही शुरू कर रही है. इस आयोजन में सांस्कृतिक आयोजन, संगीत कार्यक्रमों के साथ-साथ एक बड़े उत्सव की तैयारी है. दिल्ली सरकार लगभग 100 कार्यक्रमों का आयोजन पूरी दिल्ली में स्कूल के बच्चों की मदद से करेगी. दिल्ली शहर के फ़्लाइओवर, सडकें, अंडरपास और सरकारी इमारतें को रौशन करके सजाया जाएगा।

सिर्फदिल्ली सरकार ही नहीं, विभिन्न राज्य सरकारें इस मौके पर कुछ ख़ास करने की योजना कर रही है. जहां दिल्ली सरकार ने इस दिन के सेलिब्रेशन को खास बनाने के लिए बुराड़ी ग्राउंड में दुनिया में सबसे बड़े मानव ध्वज का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की है. वहीं उत्तराखंड में 11 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित दयारा बुग्याल (ष्ठड्ड4इह्लड्ड ढ्ढह्वद्द4ड्ड) की छानियों में तिरंगा फहराया जाएगा. यहां सदियों से रह रहे ग्रामीण पहली बार ध्वजारोहण करेंगे. इसके अलावा, 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रदेश के 20 लाख परिवारों में से कम से कम 10 लाख परिवारों के घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है।

'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भी खासी तैयारी कर रही है. सरकार ने अब तक 2 करोड़ झंडे खरीद भी लिए हैं।

दक्षिण की तरफरुख करें तो आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए तेलंगाना सरकार ने राज्य भर में 'स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव' मनाने का फैसला किया है. 8 से 22 अगस्त तक आयोजित होने वाले 'स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव' अभियान के तहत राज्य में परिवारों को 1 करोड़ राष्ट्रीय झंडे वितरित किये जाएंगे. राज्य के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी गांवों, मंडलों और नगर पालिकाओं में झंडे वितरित किए जाएं. सभी सिनेमाघरों में स्कूली बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति पर बनी फिल्में निःशुल्क दिखाई जाएंगे।

स्वतंत्रता से पहले स्वतंत्रता दिवस

1929 लाहौर सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज घोषणा की और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में घोषित किया। कांग्रेस ने भारत के लोगों से सविनय अवज्ञा करने के लिए स्वयं प्रतिज्ञा करने व पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्ति तक समय-समय पर जारी किए गए कांग्रेस के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा। इस तरह के स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन भारतीय नागरिकों के बीच राष्ट्रवादी ईधन झोंकने के लिये किया गया व स्वतंत्रता देने पर विचार करने के लिए ब्रिटिश सरकार को मजबूर करने के लिए भी किया गया। कांग्रेस ने 1930 और 1950 के बीच 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया। इसमें लोग मिलकर स्वतंत्रता की शपथ लेते थे। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी आत्मकथा में इनका वर्णन किया है कि ऐसी बैठकें किसी भी भाषण या उपदेश के बिना, शांतिपूर्ण व गंभीर होती थीं। गांधी जी ने कहा कि बैठकों के अलावा, इस दिन को, कुछ रचनात्मक काम करने में खर्च किया जाये जैसे कताई कातना या हिंदुओं और मुसलमानों का पुनर्मिलन या निषेध काम, या अछूतों की सेवा। 1947 में वास्तविक आजादी के बाद ,भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को प्रभाव में आया; तब के बाद से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। कई वर्षों के विद्रोहों के बाद ही हमने स्वतंत्रता प्राप्त की और 14 व 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को भारत एक स्वतंत्र देश बन गया। दिल्ली के लाल किले में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार भारत के झंडे को फहराया था। उन्होंने मध्यरात्रि के स्ट्रोक पर ट्रास्ट विस्ट डेस्टिनी भाषण दिया।

तात्कालिक पृष्ठभूमि

सन् 1946 में, ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सरकार का राजकोष, हाल ही में समाप्त हुए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद खस्ताहाल था। तब उन्हें एहसास हुआ कि न तो उनके पास घर पर जनादेश था और न ही अंतर्राष्ट्रीय समर्थन। इस कारण वे तेजी से बेचैन होते भारत को नियंत्रित करने के लिए देसी बलों की विश्वसनीयता भी खोते जा रहे थे। फ़रवरी 1947 में प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने ये घोषणा की कि ब्रिटिश सरकार जून 1948 से ब्रिटिश भारत को पूर्ण आत्म-प्रशासन का अधिकार प्रदान करेगी। अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने सत्ता हस्तांतरण की तारीख को आगे बढ़ा दिया क्योंकि उन्हें लगा कि, कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच लगातार विवाद के कारण अंतरिम सरकार का पतन हो सकता है। उन्होंने सत्ता हस्तांतरण की तारीख के रूप में, द्वितीय विश्व युद्ध, में जापान के आत्मसमर्पण की दूसरी सालगिरह 15 अगस्त को चुना। ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटिश भारत को दो राज्यों में विभाजित करने के विचार को 3 जून 1947 को स्वीकार कर लिया[12] व ये भी घोषित किया कि उत्तराधिकारी सरकारों को स्वतंत्र प्रभुत्व दिया जाएगा और ब्रिटिश राष्ट्रमंडल से अलग होने का पूर्ण अधिकार होगा।

यूनाइटेड किंगडम की संसद के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 (10 और 11 जियो 6 सी. 30) के अनुसार 15 अगस्त 1947 से प्रभावी (अब बांग्लादेश सहित) ब्रिटिश भारत को भारत और पाकिस्तान नामक दो नए स्वतंत्र उपनिवेशों में विभाजित किया और नए देशों के संबंधित घटक असेंबलियों को पूरा संवैधानिक अधिकार दे दिया।

स्वतंत्रता व बंटवारा

लाखों मुस्लिम, सिख और हिन्दू शरणार्थियों ने स्वतंत्रता के बाद तैयार नयी सीमाओं को पैदल पार कर सफर तय किया।[18] पंजाब जहाँ सीमाओं ने सिख क्षेत्रों को दो हिस्सों में विभाजित किया, वहां बड़े पैमाने पर रक्तपात हुआ, बंगाल व बिहार में भी हिंसा भड़क गयी पर महात्मा गांधी की उपस्थिति ने सांप्रदायिक हिंसा को कम किया। नई सीमाओं के दोनों ओर 2 लाख 50 हज़ार से 10 लाख लोग हिंसा में मारे गए। पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, वहीं, गांधी जी नरसंहार को रोकने की कोशिश में कलकत्ता में रुक गए, पर 14 अगस्त 1947, को पाकिस्तान का स्वतंत्रता दिवस घोषित हुआ और पाकिस्तान नामक नया देश अस्तित्व में आया; मुहम्मद अली जिन्ना ने कराची में पहले गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली।

भारत की संविधान सभा ने नई दिल्ली में संविधान हॉल में 14 अगस्त को 11 बजे अपने पांचवें सत्र की बैठक की। सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने की। इस सत्र में जवाहर लाल नेहरू ने भारत की आजादी की घोषणा करते हुए ट्रिस्ट विद डेस्टिनी नामक भाषण दिया। सभा के सदस्यों ने औपचारिक रूप से देश की सेवा करने की शपथ ली। महिलाओं के एक समूह ने भारत की महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया व औपचारिक रूप से विधानसभा को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया।[21] आधिकारिक समारोह नई दिल्ली में हुए जिसके बाद भारत एक स्वतंत्र देश बन गया। नेहरू ने प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में पद ग्रहण किया, और वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने पहले गवर्नर जनरल के रूप में अपना पदभार संभाला। महात्मा गांधी के नाम के साथ लोगों ने इस अवसर को मनाया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर

प्रवासी भारतीयों विशेषकर भारतीय आप्रवासियों की उच्च सघनता के क्षेत्रों में परेड और प्रतियोगिताओं के साथ दुनिया भर में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। न्यूयॉर्क और अन्य अमेरिकी शहरों में कुछ स्थानों में, 15 अगस्त प्रवासी और स्थानीय आबादी के बीच में भारत दिवस बन गया है। यहां लोग 15 अगस्त के आसपास या सप्ताह के अंतिम दिन पर भारत दिवस मनाते हैं व प्रतियोगिताएँ रखते हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर

देश के प्रथम नागरिक और देश के राष्ट्रपति स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन देते हैं। इसके बाद अगले दिन दिल?ली में लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराया जाता है, जिसे 21 तोपों की सलामी दी जाती है। इसके बाद प्रधानमंत्री देश को संबोधित करते हैं। आयोजन के बाद स्कूली छात्र तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के सदस्य राष्ट्र गान गाते हैं। लाल किले में आयोजित देशभक्ति से ओतप्रोत इस रंगारंग कार्यक्रम को देश के सार्वजनिक प्रसारण सेवा दूरदर्शन (चैनल) द्वारा देशभर में सजीव (लाइव) प्रसारित किया जाता है। स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर राष्ट्रीय राजधानी तथा सभी शासकीय भवनों को रंग बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया जाता है, जो शाम का सबसे आकर्षक आयोजन होता है। केवल देश की राजधानी के साथ देश के अन्य सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी सम्मान के साथ अपने राज्य में तिरंगा फहराते हैं। 15 अगस्त को हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती और उनका सम्मान किया जाता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ये जब भी गंगा

ये जब भी गंगा नदी की सफाई की बात आती है ,गंगा ही क्यों बाकि और भी नदियों की ,तो हर बार नदियों में बहाये जानें वाली राख (अंतिम क्रिया के बाद) की ही बात क्यों की जाती है , उसमे बह रहे सिवर और फैक्ट्री डिस्चार्ज की बात क्यों नही होती , राख तो मिट्टी में मिल जाती है और उसमें कोई ऐसे बैक्टीरिया नही होते जो नदी के पानी को नुकसान पहुचाये।

– नमन कुमार मिश्रा

सुख अलग अलग

सुख अलग अलग रंगों में ही मिलता है जो कभी कभी छूटकर कहीं दाग भी बन जाता है लेकिन अगर रंग पक्के मन का हो तो दाग कभी नहीं लग सकता परन्तु लोग पक्के न होने के डर से सुख सफेद रंग में चाहते हैं जबकि सफेद पर लगा दाग अधिक बुरा लगता है।

– अनामिका चक्रवर्ती

ख़ास पाती

कोई पहेली सी कोई राज़ या

कोई पहेली सी कोई राज़ या खुली किताब है ज़िंदगी छोटी छोटी ख़्वाहिशें या उनके पूरा न हो पाने का हिसाब है ज़िंदगी सपनों में खोना है या जीती जागती हक़ीक़त है ज़िंदगी, मंज़िल को छू लेने की ज़िद या रास्ते मे ठोकर सी मिली नसीहत है ज़िन्दगी अपनों को भर लेना बाहों के दामन मे या अपनों से ही मिली हिकारत है ज़िंदगी, बीते हुए लम्हों को फिर फिर जी लेने की चाहत है ज़िंदगी यादों का खूबसूरत मंज़र है ज़िंदगी या दुश्वारियों का मुश्किल सफ़र है ज़िंदगी, मोतियों की आस सीपियों की प्यास या जिसकी कोई थाह नही वो समंदर है ज़िंदगी। **– नम्रता सरन सोना**

चलो पर्व राखी मनाने चलें बहन

चलो पर्व राखी मनाने चलें बहन से ये राखी बँधाने चलें नहीं आज भाई हैं जिनके यहाँ ये रिश्ता उन्हीं से निभाने चलें बहुत दिन हुए हैं बहन से मिले ख़ुशी का ये दिन हम मनाने चलें चमन में खिले हैं यहाँ फूल जो बहन की ये बगिया सजाने चलें न ÷संजय÷ किसी को रहे ये गिला सभी को गले से लगाने चलें। **– संजय कुमार गिरि**

भौंचक सब देख रहें कँवली

भौंचक सब देख रहें कँवली कलाई बेटी ने बेटी से राखी बँधाई तिलमिला चोंच मारे मनु -मन का कीर अंधे की लाठी बनी देती संदेश बदलेगी दुनियाँ भी बदलो परिवेश संयम से बात सुनों तजो नहीं धीर बीहड़ से निकले है गीत नव गाएँ पापा सँग भैया बन बोझा उठाएँ ज्युतिया रख अम्मा के बहे नहीं नीर घट को उलीचें चलीं लिखनें तक़दीर। **– अंजली यादव**

ह्यसुख समृद्धि हो तुझे,फल फूले, घर द्वार। इतनी दुआए ले बंधे, राखी

सुख समृद्धि हो तुझे,फल फूले, घर द्वार। इतनी दुआए ले बंधे,राखी के यह तार।। मात पिता को मान दे,भावज को सम्मान। संतुलित जीवन रहे,बढ़े कीर्ति यशगान।। सज हाथों में बोलते,रेशम के यह तार। सुरभित घर महके तेरा,मधुर रहे व्यवहार। **– रानी इन्दु**

बहना ओ बहना मेरी बोलो क्या लूँ तुम्हारे लिए ये सितारे खरीदे और

बहना ओ बहना मेरी बोलो क्या लूँ तुम्हारे लिए ये सितारे खरीदे और चन्दा तुम्हारे लिए बहना ओ बहना मेरी लाखों में हजारों में इक चूनर तेरी आई तेरी खुशियों से झोली भरूँ ना देखूँ ये महँगाई मेरे घर आँगन को बहन मैं सजा दूँ तुम्हारे लिए तेरे वादों की कसमों की और तेरी हिफाजत करूँ तुझे हँसता हुआ देखूँ आँसुओं से बगावत करूँ ये खुशियों के चँद लम्हें मैं छुपा लूँ तुम्हारे लिए।

– डॉ. शशि कान्त अनमोल

ये दिल भी हार जाता है मुझे तुमसे

ये दिल भी हार जाता है मुझे तुमसे यही कहना अकेला खुद को पाता है मुझे तुमसे यही कहना उतर आया ज़मीं पर चाँद आँगन में टहलता है मुहब्बत ये जताता है मुझे तुम से यही कहना अगर तुम रू ब रू होते समा सांसों में जाते हम फ़क़त ये ख़्वाब आता है मुझे तुम से यही कहना सिकंदर तो वही है यार गिर कर जो संभल जाए मुक़द्दर आज़माता है मुझे तुमसे यही कहना कोई दर्द-ए -ग़म आँखों से मेरी हर रोज़ बहता है अब आँसू भी रुलाता है मुझे तुम से यही कहना। **– दिनेश भोपाली**

QUIZ TIME

1) संविधान सभा के किस अधिवेशन में गाँधीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई?
2) पंचायत में चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु कितनी होती है?
3) भारत में पहला निर्गमित नोट कितने रूपये का था?
4) विश्व का सबसे बड़ा रेलवे बंदरगाह कहाँ है?
5) मिमियाती जिंदगी दहाड़ते परिवेश किसकी कृति है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संविधान 7वें अधिवेशन (2) 21 वर्ष (3) 1949 में एक रुपये का (4) विशाखापट्टनम (5) मामा वरेरकर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1862: बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना। 1908: इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन। 1917: चीन ने जर्मनी और आस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1924: प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म। 1938: बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलिविजन पर प्रसारित। 1947: भारत का विभाजन, पाकिस्तान पृथक राष्ट्र बना। 1968: मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित। 1971: बहरीन को 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली। 1975: पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया। 2001: मेसेडोनिया सरकार तथा अल्बानियाई विद्रोहियों में समझौता, आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा निशस्त्रीकरण से इन्कार। 2002: पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ने कश्मीर के चुनावों को ढोंग करार दिया। 2003: पूर्वी अमेरीका और कनाडा में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप्प, जिसका असर न्यूयॉर्क और ओटवा जैसे बड़े शहरों पर भी पड़ा। 2006: संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इजरायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष थमा। 2006: इराक के कहतानिया में बमबारी में 400 लोग मारे गये। 2013: मिस्र में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प में 638 लोग मारे गये।

पंचतत्व में विलीन हुए दिवंगत वीरभद्र सिंहदेव

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के निकटतम रिश्तेदार धौरपुर पैलेस के वीरभद्र सिंहदेव का अंतिम संस्कार शनिवार को धौरपुर पैलेस के समीप तालाब के निकट श्मशान घाट में किया गया। जहां हजारों की संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, ग्रामीणों एवं परिवारिक सदस्यों ने गमगीन माहौल में उन्हें अंतिम विदाई दी। मुखाग्नि उनके छोटे भाई वीर विक्रम शरण सिंह देव ने दी। मिलनसार वीरभद्र सिंह देव के 1 पुत्र राघव शरण सिंहदेव एवं एक पुत्री है। दो दिन पूर्व दुर्ग अंबिकापुर ट्रेन से अम्बिकापुर आते समय बेलगहना के निकट ट्रेन से गिरने से उनकी मृत्यु हो गई। ट्रेन से कैसे गिरे यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस विवेचना में लगी है। अंतिम संस्कार में मंत्री अमरजीत भगत ने गृहग्राम पहुंचकर उनके पिता सोमेश्वर शरण सिंहदेव को ढांढस बंधाया साथ ही अंतिम संस्कार में विधायक डॉ प्रीतम राम, विधायक अंबिका सिंहदेव, पूर्व विधायक भानूप्रताप सिंह, पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह, अनिल सिंह मेजर, बालकृष्ण पाठक, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, शफी अहमद, अतुल सिंह, मधु सिंह, विन्धयेश्वर शरण सिंहदेव, प्रबोध मिंज, राजेश सिसोदिया, सहित कांग्रेसजन, ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे। समाचार मिलते ही धौरपुर के सभी संस्थान बंद रहे। स्व. वीरभद्र सिंहदेव को कांग्रेस पार्टी के ध्वज के साथ ससम्मान अंतिम विदाई दी गई।

पीएम बताएं गरीबों की योजना रेवड़ी है या उद्योगपतियों का कर्ज माफी : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। देश में चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का विशेष कर गरीब वर्ग के उत्थान के लिये चलाई जा रही योजनाओं को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रेवड़ी बताया जाना भाजपा और मोदी की सामंती सोच को प्रदर्शित करता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश के वंचित और गरीब वर्ग के लोगों के लिये योजनायें चलाना हर लोकतांत्रिक सरकार का कर्तव्य है। इन योजनाओं से लाभान्वित होना जनता का अधिकार है। यह कोई खैरात नहीं जनता को यह सुविधा कोई राजनेता अपने निजी संसाधनों से नहीं उपलब्ध करवाता यह सुविधा जनता को जनता के द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न प्रकार के करों से सरकार देती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी बतायें कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली कौन सी योजना को वे रेवड़ी मानते है? क्या किसानों से समर्थन मूल्य में उपज की खरीदी को भाजपा और मोदी रेवड़ी मानते है? क्या किसानों को सस्ते दर में उर्वरक उपलब्ध करवाने को मोदी रेवड़ी मानते है? देश में 12 करोड़ बच्चों को मिड-डे-मील मिलने को मोदी रेवड़ी मानते है? कोरोना आपदा के दौरान राइट टू फूड सिक्यूरिटी बिल के तहत अनाज उपलब्ध करवाने को मोदी रेवड़ी मानते है?

तिरंगा हमारी आन-बान-शान है : लखमा

- हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा
- दोरनापाल से सुकमा तक निकाली गई तिरंगा रैली

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की आजादी के 75वें वर्ष को पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान की भी शुरुआत की गई है। इस मौके पर हर जगह अनेक आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 223वीं वाहिनी की ओर से दोरनापाल से लेकर सुकमा तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में राज्य के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा शामिल हुए और तिरंगा लहराया। इस दौरान मंत्री लखमा ने देश की स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ पर सभी को अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता के लिए हमारी ताकत है और यह हमारी आन-बान-शान है। मंत्री लखमा ने सुरक्षा जवानों का हौसला बढ़ाया। तिरंगा रैली के दौरान दोरनापाल से सुकमा के बीच अनेक स्थानों पर स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे रैली का स्वागत पूरे जोश से किया। इस रैली में सुकमा जिला कलेक्टर हरीश एस., पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, कमांडेट रघुवंश कुमार समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस बीच राज्य शासन की ओर से 11 से 17 अगस्त 2022 तक हमर तिरंगा अभियान का भी आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेश के सभी नागरिकों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि समस्त नागरिकों के मन में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो।

हमर तिरंगा अभियान : खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने 310 लोगों को दिलाया अतिरिक्त रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में हमर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। हमर तिरंगा अभियान के तहत हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 3 दिनों में खादी वस्त्रों से 27 हजार तिरंगा झंडा तैयार कर अपनी सहभागिता निभाई गई है। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक मती रेखा शुक्ला ने बताया कि ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूदकुमार के कुशल मार्गदर्शन में हमर तिरंगा अभियान के लिए बोर्ड द्वारा विभिन्न सहायता समूह के 310 महिला और पुरुषों को अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्थानीय स्तर पर स्व-सहायता समूहों से जुड़े महिला और पुरूषों को निरंतर रोजगार देने की पहल कर उनकी आय में वृद्धि करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

सर्दी, खांसी, बुखार से बचाने में मददगार है शलजम

रायपुर/नवप्रदेश। पौष्टिक गुणों से भरपूर शलजम एक स्वास्थ्यवर्धक कन्दीय मूल सब्जी है। शलजम को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, बुखार से बचाने में शलजम मददगार है । इसे औषधीय गुणों की खान माना जाता है। शलजम एक ऐसा कंद (सब्जी) है जिसका सेवन शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए किया जाता है। शलजम में विटामिन-सी, विटामिन-के, बीटा कैरोटिन और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। शलजम को आहार में जूस और सलाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। शलजम के सेवन से इम्यूनिटी को मजबूत बनाया जा सकता है। शलजम में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाया जाता है, जो सेहत के साथ-साथ स्किन के लिए भी अच्छा माना जाता है। शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, रायपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि शलजम को आयुर्वेद में औषधि के रुप में प्रयोग किया जाता है। शलजम मधुर, थोड़ा गर्म, छोटा तथा वात, पित्त और कफको दूर करने वाला होता है। यह खाने में रुचि बढ़ाने वाला, पेट संबंधी समस्या तथा ज्वर में फायदेमंद होता है।

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर हमर तिरंगा रैली में हुए शामिल

रायपुर। आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान कवर्धा में आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिला मुख्यालय कवर्धा के सभी 27 वार्डो से भ्रमण कर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर तिरंगा रैली में शामिल होकर लोगों का उत्साह दोगुना कर दिया।

जब तिरंगा अभियान रैली कवर्धा शहर के भ्रमण पर निकली तो बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल हुए। यह तिरंगा यात्रा शहर की जिस-जिस वार्ड में भ्रमण करते हुए आगे बढ़ रही थी, उस दौरान लोग अपने अपने घरों छत बालकनी में खड़े होकर साथ ही हाथ में तिरंगा झंडा लेकर रैली का अभिवादन कर रही थी। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। देश की आन बान शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज लिए तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों के मुंह से सिर्फ यही निकल रहा था भारत माता की जय तिरंगे झंडे की जय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जयकारा लगाया जा रहा था।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले वासियों से अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किए हैं। उसी के परिणाम स्वरूप लोगों ने स्वर्स्फूत होकर तिरंगा हर घर लहराया। 13 से 15 अगस्त तक समस्त शासकीय कार्यालय सार्वजनिक उपक्रमों सामाजिक संगठनों एवं सर्वसाधारण जन के निवास स्थानों पर ध्वजारोहण किया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर पूरे समय साथ में रहकर उनका मनोबल बढ़ाया। स्वयंसेवी संगठन, व्यापारी संगठनों, गणमान्य नागरिकों द्वारा ऐतिहासिक हमर तिरंगा रैली का जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया।

राज्य में 39 लाख 80 हजार हेक्टेयर में हो चुकी खरीफ फसलों की बुआई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में खरीफ फसलों की 39 लाख 80 हजार 980 हेक्टेयर बुआई हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 83 प्रतिशत है। अब तक खरीफ फसलों के तहत सर्वाधिक 23 लाख 87 हजार 150 हेक्टेयर में धान की बोता बोनी हुई है, जबकि 8 लाख 37 हजार 880 हेक्टेयर में धान की रोपाई हो चुकी है। इसके अलावा मोटे अनाज की 2 लाख 84 हजार 650 हेक्टेयर में, दलहन की 2 लाख 20 हजार 850 हेक्टेयर में, तिलहन की 1 लाख 8 हजार 720 हेक्टेयर में तथा सब्जी एवं अन्य फसलों की 1 लाख 41 हजार 730 हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है।

एचडीएफसी बैंक ने लॉन्च किया एमिटी बिजनेस स्कूल के साथ राईजिंग बैंकर्स प्रोग्राम

मुंबई। भारत के सबसे बड़े प्राईवेट सेक्टर के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने एमिटी ग्लोबल बिज़नेस स्कूल (एजीबीएस) के साथ गठबंधन में बैंकिंग के क्षेत्र में इच्छुक लोगों के लिए 'राईज़िंग बैंकर्स' नामक एक 8 माह का सर्टिफिकेशन प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य युवा ग्रेजुएट्स को सुप्रशिक्षित और ग्राहकों को सेवाएं देने वाले प्रोफेशनल्स के रूप में विकसित करना है। इस सर्टिफिकेशन कोर्स के बाद ऑन-कैंपस लर्निंग, इंटर्नशिप, और बैंक में फुल-टाईम नौकरी का अवसर शामिल है।

इस कार्यक्रम के लिए पूरे देश के प्रत्याशियों से आवेदन मंगाए जा रहे हैं, जो वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त करना और अध्ययन करते हुए आय अर्जित करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम द्वारा एचडीएफसी बैंक योग्य प्रतिभाओं का दल तैयार करेगा, जो देश में भिन्न-भिन्न स्थानों और भाषाओं में स्थिर व उच्च गुणवत्ता की कस्टमर सेवा का अनुभव प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में प्रत्याशियों को बैंकिंग के कार्यो के हर पहलू का प्रशिक्षण वास्तविक काम के वातावरण में दिया जाएगा। इस 8 माह के कोर्स में पहले 5 माह तक नोएडा में एमिटी ग्लोबल बिज़नेस स्कूल परिसर की अत्याधुनिक सुविधा में अध्ययन कराया जाएगा, जहाँ विद्यार्थियों को आवासीय क्लासरूम सत्रों में शामिल होंगे। इसके बाद भारत में एचडीएफसी बैंक की किसी भी शाखा में 3 महीने की पेड इंटर्नशिप कराई जाएगी।

कलेक्टर ने 90 दिन में 10 हजार प्रकरणों को निराकरण का दिए लक्ष्य

रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। कलेक्टर की निरंतर मॉनिटरिंग से अधिकारियों ने लंबित राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया है। पिछले एक महीने में ही 1 हजार एक सौ से अधिक लंबे समय से पेंडिंग पडें राजस्व प्रकरण निराकृत हो गए है। कलेक्टर ने अधिकारियों से राजस्व प्रकरणों का निराकरण शासन द्वारा निर्धारित समय अवधि में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने न्यायालय वार राजस्व प्रकरणों के विवरण की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नियमित निरीक्षण एवं समीक्षा से लंबित प्रकरणों में तेजी से कमी आ रही है।

नरवा विकास कार्यक्रम : कावरा नाला सुदूर वनांचल में लेकर आया विकास का कारवां

- कावरा नाला में 73 विभिन्न संरचनाओं के निर्माण से 3 हजार हेक्टेयर भूमि में उपचार का मिला लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा संचालित सुराजी गांव योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम अंतर्गत कावरा नाला में हुए भू-जल संवर्धन संबंधी कार्य सुदूर वनांचल में विकास का कारवां लेकर आया है। गौरतलब है कि वनांचल में स्थित कावरा नाला में 97 लाख 79 हजार रूपए की लागत से 73 भू-जल संवर्धन संबंधी विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इससे लगभग 10 किलोमीटर लंबाई के कावरा नाला में कुल जल संग्रहण क्षेत्रफल अंतर्गत 11 हजार 974 हेक्टेयर में से वन क्षेत्र के लगभग 3 हजार हेक्टेयर को उपचारित किया गया है।

हेक्टेयर भूमि में उपचार का मिला लाभ

नरवा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के वनांचल में कैम्पा मद से काफी तादाद में नरवा विकास के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनका वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार प्रमुख सचिव वन मनोज पिंगुआ तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में तेजी से क्रियान्वयन जारी है। इस संबंध में वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने बताया कि दक्षिण कोण्डागांव अंतर्गत कावरा नाला में कैम्पा (छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) की वार्षिक कार्ययोजना 2020-21 के अंतर्गत लगभग 98 लाख रूपए की लागत से विभिन्न भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इनमें 12 नग लूज बोल्डर, 17 नग ब्रशवुड चेकडेम, 1 नग भूमिगत डाइक, 19 नग गेबियन संरचना, 13 नग वाटर होल, 3 नग तालाब गहरीकरण, 1 नग गली प्लग तथा 4 नग 30x40 मॉडल का निर्माण शामिल है। इससे वनांचल स्थित अमरावती क्षेत्र के लोगों को लगभग 3 हजार हेक्टेयर भूमि के उपचार का लाभ मिलने लगा है। इस तरह कावरा नाला में हुए भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण सुदूर वनांचल में विकास का कारवां लेकर आया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400034/अ-2-2021-22
श्रीमती सविता त्रिपाठी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती सविता त्रिपाठी पति आलोक त्रिपाठी निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	444/11	0.010 हे. 870 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400034/अ-2-2021-22
श्रीमती मोनिका पाण्डेय

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती मोनिका पाण्डेय पति अभिषेक गौतम निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	443	0.010 हे. 870 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400032/अ-2-2021-22
श्रीमती मोनिका पाण्डेय

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती मोनिका पाण्डेय पति अभिषेक गौतम निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	441	0.010 हे. 870 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400035/अ-2-2021-22
श्री आलोक त्रिपाठी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आलोक त्रिपाठी पिता मदनमोहन त्रिपाठी निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	449/10	0.010 हे. 300 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202103101500061

विषय-अ-5 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
नवागांव पहन. 00036(655(0.3700हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - घनाराम,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारम से सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक घनाराम आ. गुलाल वर्मा निवासी नवागांव द्वारा ग्राम नवागांव प.ह.नं. 36 स्थित बंदोबस्त पूर्व भूमि ख.नं. 249/ रकबा 0.445 हे. का बंदोबस्त बाद भूमि नया ख.नं. 655 रकबा 0.37 हे. दर्ज कर रकबा 0.07 हे. की कमी कर बंदोबस्त त्रुटि किए जाने से सुधार हेतु आवेदन पेश।

उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/08/2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 10/8/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार पाटन

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्रमांक 202207101500044
अ-6अ वर्ष 2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार आ. रतनलाल निवासी ग्राम मोतीपुर द्वारा ग्राम मोतीपुर प.ह.न. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 329/1, 329/2 रकबा क्रमश) 0.14, 0.06 हे. को आनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में अपने नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किए जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक राजेश कुमार आ. रतनलाल निवासी ग्राम मोतीपुर तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.08.2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.08.2022 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400290/अ-2-2021-22
श्री राज कुमार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजकुमार पिता संतोखी प्रसाद निवासी ब्लाक नं 17डी, 2 डी टाईप स्ट्रीट नं. 29 से.05 भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	860/44	0.014 हे. 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400215/अ-2-2021-22
श्री श्रीपाद इन्दुरकर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री श्रीपाद इन्दुरकर पिता एस.एम. इन्दुरकर म.नं. 4 डी, सड़क 29 सेक्टर 07 भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न 39 तह.व जिला दुर्ग	599/21	0.017 हे. 1800 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यूज गैलरी

बीएसपी स्कूलों के 3000 छात्रों ने प्रभात फेरी निकाल किया लोगों को जागरूक

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त 2022 को महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे के कुशल मार्गदर्शन में 'प्रभात फेरी' का आयोजन किया। प्रभात फेरी में बीएसपी के सभी 15 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें भिलाई टाउनशिप के 13 विद्यालय तथा 1 राजहरा स्थित विद्यालय और 1 हिर्री माइन्स स्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस प्रभात फेरी में भाग लेकर देशभक्ति का अलख जगाया। सेल-बीएसपी के 15 स्कूलों के लगभग 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने स्कूली क्षेत्रों में हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों में देश के आज़ादी के प्रति जागरूक किया। छात्रों में तिरंगा और देश के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। छात्र तिरंगे के गुब्बारे और झंडा लहराते हुए जोर-शोर से नारे लगा रहे थे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कुम्हारी (नव प्रदेश)। वार्ड क्रमांक 5 निवासी दिनेश यादव पिता स्व. छबूलाल यादव (22 साल) ने अपने निवास स्थान में शानिवार को लगभग 11 बजे साड़ी का फंदा बनाकर घर में लगे पंखे पर झूल गया। इनकी सूचना घर वालों को लगी तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। जिनकी सूचना कुम्हारी पुलिस को दी गई। जिनका पंचनामा कर मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हालांकि प्रारंभिक जांच व परिजनों से पूछताछ में युवक द्वारा मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाने की बात सामने आई।

कांग्रेसियों ने की भारत जोड़ों अभियान की शुरुआत

कुम्हारी (नव प्रदेश)। कुम्हारी कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्य के सभी जिलों ब्लाकों एवं निकाय क्षेत्रों में भारत जोड़ो तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है, जिनके तहत कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में शुक्रवार को विभिन्न वार्डों से अभियान की शुरुआत की गई इस अभियान में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा निकाय क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में पहुंच कर बड़ी संख्या में पद यात्रा किया जा रहा है जिसके तहत शुक्रवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण वार्ड 13 से अभियान की शुरुआत कर वार्ड 11, 19, 23, 24, जंजगिरी होते वार्ड 17 रामपुर में समाप्त की गई। अभियान में पहुँचे पार्टी नेताओं ने भारत जोड़ो तिरंगा पदयात्रा कर देश के शहीदों को याद किया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अजेय भारत निकालेगी मशाल यात्रा

दुर्ग (नव प्रदेश)। अजेय भारत सामाजिक सेवा समिति कसारीडीह द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगाठ के पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को संध्या 6 बजे मशाल यात्रा निकाली जाएगी। यह मशाल यात्रा प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय भवन केलाबाड़ी से प्रारंभ होकर महाराजा चौक आदर्शनगर में समाप्त होगी। इसके साथ ही समिति द्वारा 15 अगस्त को कसारीडीह चौक में सुबह 9 बजे तिरंगा झण्डा फहराया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति एनपी दीक्षित मुख्य अतिथि होंगे।

स्कूल परिसर से दूसरे दिन भी पानी खाली नहीं हुआ, पढ़ाई ठप

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में लगातार हो रही तेज वर्षा के कारण सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इसके चलते शुक्रवार को बच्चे व शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे। 24 घंटे के बाद भी पानी खाली नहीं हुआ है। इसके चलते पढ़ाई ठप पड़ी है। शुक्रवार की रात भी घंटों तेज वर्षा हुई है। नगर निगम के अंतर्गत शामिल रेलवे लाइन के उस पार स्थित सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल भवन के चारों तरफ इतना पानी भर गया है कि बच्चों का जाना मुश्किल हो गया है। कक्षा के भीतर भी पानी भरा हुआ है।

दूर से देखने पर तालाब जैसा नजर आ रहा है। इस स्कूल में कुल लगभग 1100 छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। दो पाली में कक्षाएं लगती हैं। सुबह की पाली में नौवीं कक्षा सुबह से दोपहर तक चलती है। दसवीं से 12वीं तक की कक्षा दोपहर से लगाते है। स्कूल में 400 छात्र और 700 छात्राएं अलग-अलग क्लास में पढ़ रहे हैं। विद्यार्थियों की क्षमता के अनुसार भवन बहुत छोटा है। लगातार दो दिनों से तेज वर्षा होने के कारण स्कूल परिसर पर दो फीट से ज्यादा पानी भर गया है। जल भराव के कारण शिक्षक व छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं पहुंचे।वहीं, सिरगिट्टी के बन्नाक चौक स्थित स्कूल परिसर में भी पानी भर गया है। स्कूल भवन पहले से गड्ढे में हैं पानी निकलने के लिए नाली की सुविधा नहीं है।

जिले की सभी पशु बाजारों पर लगा प्रतिबंध

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने रतनपुर, तखतपुर सहित जिले की तमाम पशु बाजारों पर आगामी आदेश तक के लिए प्रतिबंध लगा दिये हैं। पशुओं की संक्रामक बीमारी लम्पी स्कीन डिजिस के फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने इस आशय के आदेश आज जारी किये हैं। जारी आदेश में कलेक्टर ने कहा है कि राजस्थान एवं गुजरात में पशुओं में संक्रामक बीमारी लम्पी स्कीन डिजिस फैल चुकी है। जहां से व्यापारियों के जरिए लाये गये बीमार पशुओं के सम्पर्क में आने पर जिले की अन्य पशु भी रोगग्रस्त हो सकते हैं। इसके साथ ही बीमारी की रोकथाम हेतु जिले में पशुओं के परिवहन, पशु मेला, प्रदर्शनी, खरीदी बिक्री एवं अन्य राज्यों से पशुओं को चराने हेतु लाये जाने के संबंध में अगले आदेश तक प्रतिबंध प्रभावशील कर दिया गया है।

सामान्य सभा की बैठक अब 18 अगस्त को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 18 अगस्त गुरुवार को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष बिलासपुर में आयोजित की गई है। इसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान करेंगे। पूर्व में यह बैठक 17 अगस्त को आयोजित की गई थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से बैठक की तिथि मे परिवर्तन किया गया है।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक अब 18 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 18 अगस्त गुरुवार को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष बिलासपुर में आयोजित की गई है। इसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान करेंगे। पूर्व में यह बैठक 17 अगस्त को आयोजित की गई थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से बैठक की तिथि मे परिवर्तन किया गया है।

कांग्रेस ने निकाली आजादी की गौरव पदयात्रा, स्वतंत्रता सेनानियों को नमन

महंगाई-बेरोजगारी के लिए केंद्र सरकार को कोसा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रदेश संगठन के निर्देश में देश की आजादी के 75 वर्ष गाँठ पर भारत जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस ने आज़ादी की गौरव यात्रा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम मंचादुर, घुघसीडीह, खोपली एवं नगर पंचायत उतई में निकाली गई और इस क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर साल श्रीफल से सम्मानित किया गया और उनके परिवारजनों से भेंट मुलाकात करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। इस पदयात्रा में प्रदेश के गृहमंत्री व विधायक ताम्रध्वज साहू शामिल हुये।

स्वतन्त्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर आज़ादी का अमृत महोत्सव अवसर पर कांग्रेस ने आज आजादी की गौरव पद यात्रा निकाली। इस पदयात्रा में सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर व तिरंगे लहराते हुए लगभग 15 किलोमीटर की यात्रा पूरे देशभक्ति के नारों और भारत माता की जयघोष के साथ मचांदुर के गलियारों से होते हुए नगर पंचायत उतई के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर राष्ट्गान के साथ संपन्न हुआ। गौरव यात्रा में शामिल वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस का देश की आजादी में अहम योगदान रहा है जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि15 अगस्त-2022 को देश की आजादी के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं। अब यह समय है कि हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करें जिनके बलिदान के कारण हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। महात्मा गांधी ने अहिंसा के संदेश पर चलते हुए देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इस समय देश में महंगाई व बेरोजगारी मुख्य चुनौतियां है जिनका समाधान करने में मौजूदा मोदी सरकार विफल रही है। पेट्रोल, डीजल के दाम बहुत अधिक है। अमेरिका के डालर के मुकाबले रुपये का मूल्य अस्सी के करीब पहुंच गया है। आम लोगों का महंगाई में गुजर बसर करना मुश्किल हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेन्द्र साहू, विधायक प्रतिनिधि केशव बंटी हरमुख, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सेन, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष शालनी यादव, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुकेश चन्द्राकर, कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर ,विधायक प्रतिनिधि पिलेश्वर साहू,अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, बहादुर नेताम, प्रहलाद वर्मा, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, सदस्य मंडी बोर्ड तारकेश्वर चन्द्राकर, जनपद पंचायत लेखन साहू, दीपिका चन्द्राकर, राकेश हिरवानी, रूपेश देशमुख, डोमन भारती, हरेन्द्र देव ,मनीष चन्द्राकर,प्रदीप चन्द्राकर शामिल थे।

दुर्ग में चला आज भी रोका-छेका महाअभियान

- दुर्ग में चला आज भी रोका-छेका महाअभियान दो दिन में पकड़े 219 मवेशी
- दुर्ग सहित पांच निकायों मिलकर संयुक्त रूप से 24 व 25 अगस्त को भी चलाएंगे महाअभियान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम क्षेत्र में सड़क और चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए आज भी शनिवार को दुर्ग में रोका छेका महाअभियान चलाया गया। अभियान में कल और आज दिनभर में 219 मवेशियों की अलावा नगर निगम भिलाई. भिलाई चरोदा, रिसाली और नगर पालिका कुम्हारी के कर्मचारी शामिल रहे। संयुक्त रूप से चलाए गए महाअभियान के दौरान आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 109 मवेशियों की घर पकड़ की गई। सभी मवेशियों को पुलगांव स्थित गोठान में रखा गया है। दुर्ग सहित पांच निकायों ने मिलकर संयुक्त रूप से महाअभियान चलाया। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कहा है कि रोका छेका महा अभियान में आवारा पशुओं को पकड़ते समय रोकटोक करने वालों को जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

वहीं भिलाई निगम क्षेत्र में 16, 17, 26 व 27 अगस्त तक, भिलाई तीन चरोदा व कुम्हारी पालिका क्षेत्र में 18,20, 29 व 30 अगस्त तक तथा रिसाली निगम क्षेत्र में 22, 23, 31 अगस्त और एक सितंबर को चलाया जाएगा। सभी निकायों में महा अभियान संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। दुर्ग निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे रोका छेका महा अभियान के तहत आयुक्त ने कहा कि आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए टीम को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा गया। जिन क्षेत्रों से मवेशियों की आज धरपकड़ की गई है उसमें पटेल चौक, स्टेशन रोड, मार्केट क्षेत्र, रायपुर नाका धमधा नाका, ओवरब्रिज, ग्रीन चौक, बोरसी, मालवीय नगर चौक, कसारीडीह, कन्हैयापुरी, महाराजा चौक, मिनी माता चौक सहित बस स्टैंड, जीई रोड, गंज पारा से लेकर पुलगांव चौक से पकड़कर पुलगांव स्थित गोकुल नगर गौठान में सुरक्षित आवारा मवेशियों को छोड़ा गया।

सेजस जजंगिरी में आज़ादी का अमृत महोत्सव पर हुए अनेक कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगीरी में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार के द्वारा घोषित आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हेतु तथा कोविड-19 के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 अगस्त को संपन्न किया गया।

संस्था में प्राथमिक माध्यमिक हाई तथा हायर खंड के बच्चों ने फैंसी ड्रेस गीत एवं रैली निकालकर आजादी का अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया प्राथमिक खंड के नन्हे बच्चों ने विभिन्न धर्मों के परिधान पहनकर लोगों को एकता का संदेश दिया कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा बेला गुलाब जूही चंपा चमेली गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। माध्यमिक खंड से बच्चों ने वि शैल ओवर कम तथा सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा गीत के माध्यम से सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया इसी खंड से मां तुझे पुकारती गाना सुनकर सभी की आंखें नम हो गई हाई तथा हर सेकेंडरी के बच्चों ने भारत माता की जय घोष के साथ रैली निकालकर गांव का भ्रमण किया था हर घर तिरंगा हेतु प्रेरित किया। सभी बच्चे एवं शिक्षक ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

कार्यक्रम के मध्य में संस्था प्रमुख श्रीमती मिनी गोपीनाथन ने सभी बच्चों, शिक्षकों तथा संस्था में कार्यरत सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामना दिया तथा कहा कि यह आजादी हमें पूर्वजों के कठिन संघर्ष से मिली है।

मुख्य कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर महापौर धीरज बाकलीवाल करेंगे ध्वजारोहण

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर निगम 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम कार्यालय में सुबह 8.00 बजे ध्वजारोहण होगा। विधायक अरुण वोरा की मौजूदगी में महापौर धीरज बाकलीवाल निगम मुख्य कार्यालय में करेंगे ध्वजारोहण, अवसर पर सभापति राजेश यादव, निगमायुक्त प्रकाश सर्वे व समस्त एमआईसी सदस्य पार्षदगण और एल्डरमेन के साथ निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। नगर निगम के समस्त पार्षद, एल्डरमेन, अधिकारी व कर्मचारियों से अनुरोध है कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर महापौर बाकलीवाल द्वारा प्रातः 8,00 बजे नगर निगम मुख्यालय में किया जावेगा। ध्वज रोहण कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व सभी महत्वपूर्ण स्मारकों की साफ- सफाई के पश्चात माल्यार्पण की जायेगी।

तथा आस-पास के स्थलो व

अंतागढ़ स्टेशन का भव्य उद्घाटन समारोह

अंतागढ़ से दुर्ग के लिए ट्रेन को झंडी दिखाकर किया रवाना

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कल अंतागढ़ रेलवे स्टेशन में भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद श्री मोहन मंडावी द्वारा अंतागढ़ से दुर्ग के लिए एक ट्रेन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अनूप नाग, विधायक, और भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, तथा मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रशासन), के के सिंह, और कार्यपालक निदेशक (खदान और रावघाट) तपन सूत्रधार, महाप्रबंधक (खदान मुख्यालय), अनुपम बिष्ट, महाप्रबंधक (नॉन-वर्क्स व खदान) एस के सोनी, के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने समारोह में शिरकत की। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने सम्बोधन में रावघाट खदानों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए उपस्थित लोगों का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि इस राज्य की धरती से बनने वाली रेलें हमारे राष्ट्र के विकास में काफी मददगार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हम आप सब के सहयोग से चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और जल्द ही हम इस रेलवे लाइन के निर्माण यात्रा को पूर्ण कर लेंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद मोहन मंडावी ने अंतागढ़ से दुर्ग तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रेल मार्ग दल्ली-राजहरा-रावघाट लाइन के 95 किमी लंबे रेलमार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता से निर्मित किया जा रहा है। यह नई रेल सेवा अंतागढ़ को 60 किलोमीटर दूर स्थित दल्ली-राजहरा से जोड़ती है। इसे जनवरी 2023 में ताड़ोकी स्टेशन से जोड़ा जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस से पहले बिलासपुर सेंट्रल जेल के 100 कैदी रिहा, घर में मनाएंगे आजादी का पर्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। आजादी के 75 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में देशभर में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बिलासपुर सेंट्रल जेल में बंद 100 कैदियों की सजा माफ कर रिहा किया गया है। दो कैदी गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के रहने वाले हैं। कुछ 486 कैदियों को रिहा करने के लिए प्रस्ताव बनाया गया था। नेशनल लीगल सर्विस अथारिटी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अच्छे आचरण वाले कैदियों को रिहा करने का आदेश जारी किया है।

इस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह सोरी ने 22 जुलाई को सेंट्रल जेल प्रबंधन से कैदियों की जानकारी मंगाई थी। इसके लिए अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी बनाई गई। जेल में बंद कैदियों के बारे में समीक्षा की गई। इसमें करीब 486 कैदियों का चयन किया गया। इसके लिए 16 प्रकार श्रेणी तय की गई।

इसके अंतर्गत आने वाले कैदियों को ही रिहा करने आदेश मिला। जांच पड़ताल करने के बाद जेल से रिहा करने के लिए 100 कैदियों की पहचान की गई। अभी तक चयनित कैदियों को जेल से रिहा कर दिया है। अब वे अपने घर में परिवार के साथ रहेंगे।

सजा का अधिकांश समय काट चुके ये कैदी

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अच्छे आचरण, उम्रदराज और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 100 कैदियों को जेल से रिहा किया गया। कई कैदियों की उम्र अधिक हो गई थी। वे सजा का अधिकांश समय काट चुके थे। उन कैदियों को भी चिन्हांकन किया गया है जिनका आचरण जेल में अच्छा था। जेल में रहते हुए इन कैदियों ने अपने व्यवहार में परिवर्तन कर लिया है। समाज के बीच बेहतर तरीके से रह सकते है।

क्या कहते है अधिकारी

नेशनल लीगल सर्विस अथारिटी के निर्देश पर कैदियों की सूची बनाई गई। शासन के नियम के तहत शामिल होने वाले 100 कैदियों को रिहा किया गया है। इसकी जानकारी शासन को भेज दी गई है।

आज बिलासपुर आएंगे भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव

- स्वागत की हो रही तैयारी, सड़क मार्ग से आएंगे साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव 14 अगस्त को शहर आएंगे। राजधानी दिल्ली से शनिवार को रायपुर पहुंचेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पदभार ग्रहण करने के बाद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे। दूसरे दिन रविवार को सुबह 10.30 बजे एकात्म परिसर से सड़क मार्ग के जरिए, बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। बिलासपुर से रायपुर के बीच जगह-जगह स्वागत की तैयारी की गई है।

धरसींवा, सिमगा, दामाखेड़ा, नांदघाट, नारायणपुर चौक, सरगांव, बिल्हा मोड़, नयापारा चौक, तिफ्रा चौक, राजीव गांधी चौक, मगरपारा चौक, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक व जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता आतिशी स्वागत करेंगे। स्वागत सत्कार के साथ ही कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह बैनर पोस्टर व फ्लैक्स लगाने की तैयारी भी कर ली है। भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष साव पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान जिले के दिग्गज भाजपा नेताओं की मौजूदगी भी रहेगी। यह दूसरी मर्तबे है, जब शीर्ष नेतृत्व ने बिलासपुर जिले को प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी सौंपी है।

इसके पहले वर्ष 2018 का विधानसभा चुनाव तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक के नेतृत्व में भाजपा ने लड़ा था। हालांकि तब भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी। प्रदेश में भाजपा की करारी हार के बाद भी जिले का राजनीतिक दबदबा पार्टी में अब भी बना हुआ है।

हमर तिरंगा अभियान : समूह की दीदियों ने तैयार किये 25 हजार से ज्यादा तिरंगे

- घर-घर फहरेंगे महिला समूहों के बनाए तिरंगे
- लोगों में अभियान को लेकर खासा उत्साह

बिलासपुर/नवप्रदेश। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हमर तिरंगा अभियान को लेकर जिले में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सभी वर्ग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में समूह की दीदियों ने अपना अमूल्य योगदान दिया है। जिले में 25 हजार से अधिक झण्डे 58 स्व सहायता समूह की 85 दीदियों ने दिन-रात जुटकर तैयार किया है। आजादी के इस पर्व पर झण्डा बनाने के इस महती कार्य को इन दीदियों ने अपना सौभाग्य बताया है।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में जिले में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हमर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले की सिलाई, कढ़ाई में प्रशिक्षित महिलाएं गाईडलाईन के अनुसार तिरंगा बना रही है। जिले में 58 स्व सहायता समूह की 85 महिलाओं ने इन झण्डों को तैयार किया है। इनमें जागृति स्व सहायता समूह छतौना, महतारी बचत समूह, समृद्धि आजीविका संकुल संगठन गनियारी, पूजा स्व सहायता समूह टिकारी, ज्योति स्व सहायता समूह, ओम स्व सहायता समूह, सरस्वती स्व सहायता समूह, एकता स्व सहायता समूह सहित अन्य समूह की महिलाओं ने कड़ी मेहनत से इन झण्डों को तैयार किया है।

कांग्रेस की आजादी गौरव पदयात्रा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आहवाहन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बेमेतरा विधानसभा स्तरीय आजादी गौरव पद यात्रा बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में आज़ादी की 75 वर्षगांठ के अवसर पर आजादी की गौरव पद यात्रा का आज पांचवा दिवस नगर बेरला से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत रामपुर(भाड़), ग्राम पंचायत कुसमी,ग्राम पंचायत खर्रा, ग्राम पिपरोलडीह, ग्राम पंचायत देवरी, ग्राम पंचायत सरदा तक 15 किमी की पद यात्रा किया गया। ग्रामीणों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला विभिन्न चौक चौराहों में पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पद यात्रा में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों में विधिविधान से पूजा अर्चना कर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों सहित प्रदेश की सुख, समृद्धि खुशहाली कामना की। विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आजादी की यह गौरव पद यात्रा हमे देशभक्ति की प्रतिज्ञा को पुनः स्मरण करने और आगे की यात्रा में अपने संकल्प को दृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है, देश की प्रगति में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव जैसे महान विभूतियों का अहम योगदान रहा हैं। किसानों, मजदूरों एवं आम आदमीयो की सहायता करने हमेशा कांग्रेस पार्टी खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। देश की आजादी में कांग्रेस की भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस की आजादी गौरव पैदल यात्रा आज बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में पांचवा दिवस निकाली गई। बलिदानियों के बलिदान को याद किया गौरव पद यात्रा के माध्यम से देश की आजादी के लिए बलिदान हुए देश भक्तो को शहादत को लोगो के दिलो में जिंदा बनाए रखना, देश आजादी की 75 वीं

वर्षगांठ मनाने का उद्देश्य देश को आजाद कराने में राष्ट्र के जिन महापुरुषों ने अपना जीवन न्यौछावार कर दिया था आज उनके बलिदान को याद करने के लिए कांग्रेस पूरे देश में आजादी गौरव यात्रा निकाल रही। देश में अन्य राज्यो में भी सरकारें हैं, ऐसी भी सरकारें हैं जिनकी राज्य व केंद्र में सत्ता होने के बाद भी किसानों के लिए उनका खजाना नही खुलता। जब से प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार है तब से किसानों का धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपये क्विंटल पर खरीदा जा रहा हैं। गांव, गरीब किसान की चिंता भूपेश बघेल सरकार ने की है, हर वर्ग से सरकार सीधी जुड़ी हैं। नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना से चहुमुखी विकास हुआ है, छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग और समाज को साथ लेकर विकास कार्यों को पूरा कर रही है। छत्तीसगढ़ एक मात्र राज्य है जो 2 रुपए किलों की दर से गोबर खरीदी कर रही है। इससे गौ पालन करने वाले हमारे यादव समाज के भाईयो को भी लाभ पहुँच रहा हैं। आजादी गौरव यात्रा के दौरान विधायक आशीष छाबड़ा के साथ लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, विजय पारख, मौजीराम साहू, रवि परगनिया, चंद्रवीजय धीवर, नेतराम निषाद, रासबिहारी कुर्रे, भारतभूषण साहू, टीआर साहू, राजेश दुबे, तखतराम साहू, कमल साहू, इंदरचंद जैन, कविता साहू, हिरादेवलाल वर्मा, विजय जैन, नारायण डगरे, शशिप्रभा गायकवाड़, सत्यभामा परगनिया, सविता हिरवानी, नेहा सुराना, सिद्धिक खान, राजा साहू, कुशाल नायक, रामखिलावन साहू, ललित विश्वकर्मा, रामखिलान परगनिया, मनोज शर्मा, प्रवीण शर्मा, दिलीप शर्मा, प्रमोद गौसेवक, अजय ठाकुर, राजेश चंदेल, कृष्णा चतुर्वेदी, नोहर देवांगन, अर्जुन देवांगन, प्रदीप ठाकुर, किशन साहू, तुम्मन साहू, अजय सेन, विक्की मिश्रा, ऋतिक तिवारी, राजू साहू, मिथलेश वर्मा, जागू साहू, अविनाश साहू, राजेश यादव, संतोष साहू, बीरेंद्र पाठक, चिंता कोशले, पप्पू साहेब, टिकेंद्र परगनिया, बबली, मनीष साहू, लक्ष्मण साहू, बसंत साहू, गोपाल साहू, उमाशंकर पाटिल, लोकनाथ यादव, भारत तिवारी,हनुमान वैष्णव, राकेश सोनी,संतोष तिवारी, संदीप राजपुत, डोमन मानिकपूरी, डोमन साहू, राजेन्द्र, खेदू साहू, नीलेश वर्मा, अर्पित परगनिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसीगण उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने किया स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल का मुआयना

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज जिले के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में 15 अगस्त को आयोजित किये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल की तैयारियों का मुआयना किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वाटरप्रूफ टेन्ट व्यवस्था, अतिथियों के बैठने हेतु बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित परेड व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एएसपी पंकज पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नए प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व से प्रदेश में फिर वापस आएगी भाजपा: रोहित

भाटापारा/नवप्रदेश। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की फिर वापसी होगी। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरूण साव को छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होते ही सत्ता सुख भोग रहे लोग पचा नहीं पा रहे हैं। उक्त बातें सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू ने अरुण साव को बधाई देते हुए अपनी प्रतिक्रिया में कही। ग्राम टेहका के पूर्व सरपंच रोहित साहू ने विश्वास के साथ दावा करते हुए कहा कि नवनियुक्त ऊर्जावान प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव की सक्रियता का लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा व प्रदेश में आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा की वापसी होगी। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू ने अरुण साव की नियुक्ति के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक बड़ा बदलाव है जो अगले वर्ष विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा सरकार स्थापित करने में कारगार सिध्द होगा।

अखंड राम नाम सप्ताह प्रारम्भ

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश का लोकप्रिय व धार्मिक आयोजन श्री अखंड राम नाम सप्ताह का शुभारंभ शनिवार से हो गया है। यह समारोह का 84 वां वर्ष है। शनिवार को प्रातः 6 बजे से जय रघुपति राघव राजा राम जय पतित पावन सीताराम की धून से प्रारम्भ हुआ श्रीअखंड राम नाम सप्ताह 20 अगस्त सुबह 6 बजे तक चलेगा। 20 अगस्त को प्रातः हवन पूजन के पश्चात दोपहर 2 बजे भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। गत 2 वर्ष कोविड-19 में बीतने के कारण जन्माष्टमी के दूसरे दिन निकलने वाला विशाल जुलूस मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की शोभा यात्रा नहीं निकल पाई थी किंतु इस वर्ष श्री राम नाम सप्ताह को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है और भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारियां भी जोरों पर है इस बार शोभा यात्रा में अपेक्षाकृत अधिक भजन मंडलियों के शामिल होने की संभावना है।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय में करेंगे ध्वजारोहण

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रदेश के लोक निर्माण, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में सवेरे 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

बाढ़ से निपटने कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने जिले में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के निर्देश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिला मुख्यालय बेमेतरा में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा एक कण्ट्रोल रुम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07824-222103 है, जिस पर किसी भी समय बाढ़ से संबंधित जानकारी दे सकते हैं। छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में भी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं।

कलेक्टर ने शिवनाथ नदी, डोटू नाला, हाफ नदी के किनारे निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। कलेक्टर ने राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन एवं जिला सेनानी नगरसेना को रेस्क्यू टीम अलर्ट मोड में रखते हुए निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। जिले के सभी चार एसडीएम बेमेतरा, बेरला, साजा एवं नवागढ़ एवं छः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बेमेतरा, बेरला, साजा, नवागढ़, थानखम्हरिया एवं नांदघाट को बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए है।

भारत जोड़ो पद यात्रा द्वितीय दिवस में संपन्न

साजा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कृषि व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय साजा क्षेत्र के ग्राम चेचानमेटा शक्तिघाट से आजादी के 75 वे हीरक जयंती के अवसर पर भारत जोड़ों अभियान के तहत गौरव पदयात्रा का द्वितीय दिवस का शुभारंभ किया गया। यह पदयात्रा लगातार कांग्रेस जनों के द्वारा पद चलन करते हुए 12 किलो मीटर दूर ग्राम कोंगियाकला पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम के साथ वक्ताओ के उद्बोधन से उक्त पद यात्रा रात्रि विश्राम के लिए स्थगित हुई।

सभी वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी एवं देश की आजादी आंदोलन में किस प्रकार से कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी विस्तार से परिभाषित किए। उक्त अवसर पर परस सिन्हा अध्यक्ष महा वि. साजा, मनोज जायसवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि, विजय दुबे अध्यक्ष सेवा सहकारी, गुड्डू जायसवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि, विनोद कुंजाम विधायक प्रतिनिधि, संजू सिंह चंदेल, दिनेश साहू, कन्हैया साहू, सतीश ढीमर एल्डरमैन, आयुश यदु, थान सिंह, बलदाऊ पटेल, जबीर खान एवं कांग्रेसीजन उपस्थित थे।

उतई महाविद्यालय के 12 पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि

उतई/नवप्रदेश। शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। क्षेत्र के पालकों एवं विद्यार्थियों की ओर से महाविद्यालय के विविध पाठ्यक्रमों में समय-समय पर सीट वृद्धि की माँग की जाती रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश पांडे ने बताया कि सीट वृद्धि के लिए पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष एवं समाजसेवी भीषम हिरवानी एवं जनभागीदारी के अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद वर्मा ने प्रयास किया था और इस के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू के समक्ष माँग रखी थी।

इन प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय प्रारंभ होने के बाद शासन के द्वारा पहली बार विविध संकायों के 12 पाठ्यक्रमों बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. गणित, विज्ञान समूह, कम्प्यूटर विज्ञान, माइक्रोबॉयोलॉजी, बॉयोटेक्नोलॉजी, एम.ए. राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिन्दी, अर्थशास्त्र, इतिहास में आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त संख्या में सीट वृद्धि की गयी है ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रवेश प्राप्त करने में असुविधा न हो। सीट वृद्धि के शासन के इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति भीषम हिरवानी एवं डॉ. प्रहलाद वर्मा ने धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया है। सीट वृद्धि के कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं पालकों में हर्ष का वातावरण है।

जिला कार्यालय में किया गया शहीदों का सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा ने आजादी के 75 वर्षगांठ के अवसर पर बेमेतरा जिला कलेक्टोरेट में बेमेतरा जिलें के शहीद भास्कर दीवान एवं शहीद मुकेश वर्मा के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद भास्कर दीवान के परिवार से उनके भतीजे सचिन शर्मा, शहीद मुकेश वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती तिलोत्तमा वर्मा को विधायक आशीष छाबड़ा एवं जिला कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवाई ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि हम सभी के लिए गौरव की बात है कि बेमेतरा जिलें से इन वीर नौजवानों ने अपनी शहादत से जिले का नाम रोशन किया हैं।

मिनी माताजी की पुण्य स्मृति पर किए गए याद

उतई/नवप्रदेश। ममतामयी मिनी माताजी की पुण्य स्मृति दिवस पर बस स्टैंड डूमरडीह चौक में स्थापित ममतामयी मिनीमाता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। छत्तीसगढ़ प्रथम महिला सांसद को स्मृति दिवस के मौके पर उनके द्वारा लोकहित में किए गए जनकल्याण कार्यों पर प्रकाश डालते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम तहसील सतनामी समाज दुर्ग, गुरुद्वारा सेवा समिति उतई, जय सतनाम युवा सन्देश और सतनामी समाज सेलूद परिक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई।

इस अवसर गुरुद्वारा सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रभूषण कौशल, दुर्ग तहसील सतनामी समाज अध्यक्ष दिनेश देशलहरे, उपाध्यक्ष तुलसी बाई कोसरे, सभापति दीपमाला देशलहरे, उप सरपंच प्रदीप पाटिल, सेलुद सतनामी परीक्षेत्र अध्यक्ष दिलीप कुर्रे, पूर्व पार्षद विष्णु देशलहरे, संजू बाबा, पंकज मारकंडे, कैलाश बड़ी संख्या में सामाजिकगण मौजूद थे।

रक्षाबंधन पर दुर्गा वाहिनी की बहनों ने बांधी राखी

राजनांदगांव। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति द्वारा समाज की प्रत्येक बहन की ओर से वात्सल्य पर्व रक्षाबंधन में पुलिस विभाग के जवानों को राखी बांध कर मनाया गया, जिसमें राजनांदगांव के सिटी कोतवाली थाना, बसंतपुर थाना पुलिस अधीक्षक, लालबाग थाना एवं राजनांदगांव में पदस्थ हमारे जवान बड़े भाइयों का रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया।

उक्त स्थान पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री नंदू राम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्निहोत्री, सुशील लड्ढा, दुर्गा वाहिनी के जिला संयोजिका हेमा साहू, नगर संयोजिका आयुषी कसार, बजरंग दल नगर संयोजक प्रिंस प्रशांत हाथीबेड, राहुल ताम्रकार, ढालेश्वरी साहू, रुपमा साहू, मातृ शक्ति की माताएं पूर्णिमा साहू, कांति मौर्य, जमुना बाई साहू, संगीता, रेनू, मिथलेश्वरी आदि उपस्थित थे, जिन्होंने रक्षासूत्र बांध सदैव समाज की हर बहन की रक्षा करते रहने की प्रतिज्ञा दिलाई।

देश की अखंडता को तोड़ा जा रहा जाति व धर्म के नाम पर : संतोष

देवकर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो अभियान पद यात्रा के तहत पूरे देश के विभिन्नों राज्यों, जिलों व तहसीलों में भारत जोड़ो पदयात्रा अभियान का शुभारंभ हुआ। इसी तारतम्य में बेमेतरा जिला के अतंर्गत नगर पंचायत देवकर में मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि कार्यालय देवकर से वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय ध्वज को हाथों में लेकर भारत जोड़ो पदयात्रा का रवाना हुआ।

यात्रा विधायक प्रतिनिधि कार्यालय, बस स्टैंड, से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए महावीर चौक, महामाया चौक, गांधी चौक, जय बूढ़ादेव चौक, नुरानी चौक, सुभाष चौक, तिरंगा चौक होते हुए वापस बस स्टैंड पहुंची। जहां पदयात्रा सभा के रूप में परिवर्तित हुई। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा माहत्मा गांधी, नेहरुजी, सुभाष चन्द्र बोस, इंदिरा जी सहित सभी महापुरुषों के जिन्दाबाद के नारे लगाकर उनको याद किया साथ ही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जीएसटी के खिलाफ गगन भेदी नारे लगाए। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। देश की अखंडता को आज जाति धर्म के नाम पर तोड़ा जा रहा है। इसलिए भारत जोड़ो अभियान की आज के हालात को देखते हुए इसकी आवश्यकता जरुरी हो गई है आज देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता परेशान है और देश में जाति धर्म को लेकर साम्प्रदायिकता का माहौल बना हुआ है, जिससे आपसी भाईचारा खत्म हो रहा है। जबकि इस देश को आजादी दिलाने में सभी धर्मो का बराबर सहयोग रहा है। आज हमें भारत जोड़ों अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक कर आपसी एकता बनाए रखने की आवश्यकता है ।

आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संस्कारधानी महाकाल मित्र मंडल के द्वारा तिरंगे के सम्मान में 14 अगस्त रविवार दोपहर 2 बजे बाइक से शहर भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है, जो गुरुद्वारा चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जयस्तंभ चौक शहीद स्मारक में समाप्त होगी। बाइक रैली के पश्चात् अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी जाएगी।

समिति के अध्यक्ष निखिल द्विवेदी ने कहा कि तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है, हमारी पहचान है आजादी के बाद से हम सभी को एक सूत्र में बांधे रखने में तिरंगा का अतुल योगदान है, आईए हम सभी मिलकर तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश में शांति व एकजुटता का संदेश देते हुए संस्कारधानी नगरी में आगामी 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा के ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने।

महापौर हेमा देशमुख ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों के जीवन में समृद्धि व खुशहाली की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में श्रीमती देशमुख ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व हमे राष्ट्रीय एकता और अखंडता से जुडने की प्रेरणा देता है। हमारे महान राष्ट्र नायकों ने अपने बलिदान से हमें आजादी दिलाई। उसी आजादी की हम 75वीं सालगिरह आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे है। इस आजादी को कायम रखने हम अपना योगदान राष्ट्र के निर्माण में दे और आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाये।

निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों शकीला बेगम, मधु बैद, ऋषि शास्त्री एवं नामांकित पार्षदगणों ने स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

युवाओं को पुलिस के साथ जोड़ने के लिए ग्राम खेल समिति गठित

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिले में स्थित पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में शुक्रवार को वनांचल क्षेत्र के ग्रामों के युवाओं को खेल के माध्यम से पुलिस के साथ जोड़ने के लिये ग्राम खेल समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिले के समस्त थाना क्षेत्र से कुल 140 ग्रामों को शामिल किया गया है। ग्राम खेल समिति के गठन का उद्देश्य ग्राम के युवाओं में खेल गतिविधियों को संचालित करना एवं ग्रामीण अंचल की समस्याओं से पुलिस सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं का निराकरण आसानी से कर सके। इसी उद्देश्य से ग्राम खेल समिति का गठन किया गया है।

ग्राम खेल समिति के गठन के अवसर पर मुख्य रूप से पुलिस उप महानिरीक्षक राजनांदगांव राम गोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, ए.डी.एम. भगवानदास उइके, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, उपस्थिति में ग्राम खेल समिति का गठन किया गया।

पुलिस उप. महानिरीक्षक राजनंदगांव राम गोपाल गर्ग ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य सिर्फ आमजनों को खेल के माध्यम से संगठित कर जागरूक करना तथा उनके अधिकारों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करना है, यदि कोई भी व्यक्ति युवा या महिलाएं किसी भी प्रकार से समाज से दूर हो रही हैं तो उनकी कमियों को बता कर उन्हें पुनः समाज के मुख्य धारा पर जोड़ना है।

सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से विभिन्न खेल का आयोजन भी समय-समय पर करती है । पुलिस खेल समिति के गठन से आज 1300 से 1500 युवा खेल समिति से जुड़ रहे हैं, जिससे निश्चित ही पुलिस का दायरा भी बढ़कर दुगनी हो जाएगी, जिससे समाज में असामाजिक तत्व अपनी पैठ स्थापित नहीं कर सकेंगे संख्या में यहां उपस्थित देखकर आप सभी के खेल के प्रति रुझान स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कहकर नेशनल व इंटरनेशनल खेल की तैयारी के लिए आप सभी को पुलिस विभाग के द्वारा अच्छे अवसर प्रदान किए जाएंगे।

पुलिस अधीक्षक, डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि आमतौर पर खाकी वर्दी पहने हुए किसी भी अधिकारी कर्मचारी से आम जनता दूर भागती है, जिन्हें आपस में जोड़े रखने के लिए खेल समिति का गठन किया गया है। इस कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति ही मेरी ताकत है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का आयोजन अक्टूबर में वृहद रूप में आयोजित कर गांव के मैदान से टीम शहर और राजधानी के बड़े मैदान में अपनी प्रतिभा को प्रर्दशित कर सकेंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कबीरधाम पुलिस कप्तान के द्वारा संचालित फोर्स अकेडमी की अत्यंत सराहना की। कबीरधाम पुलिस अपने बेहतर पुलिसिंग के साथ-साथ सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ में सबसे आगे है जिसका पूरा श्रेय यहां के पुलिस कप्तान को जाता है। ग्राम खेल समिति का गठन से निश्चित ही गांव-गांव में खेल के प्रति युवाओं एवं बालक बालिकाओं की और रुझान बढ़ेगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुति

ग्राम समनापुर छात्रावास की बालिकाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी कर्मा नृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा सलिल यादव, ग्राम कुण्डपानी के द्वारा अपने बांसुरी की मधुर स्वर की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर 140 ग्राम खेल समिति के टीम को खेल सामग्री किट का वितरण किया गया। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को खूब धूमधाम एवं आपसी भाईचारा से मनाने हेतु देश की शान तिरंगा को फहराकर सम्मान करने आवश्यक जानकारी देकर तिरंगा झंडा, मिष्ठान एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया।

मां बेटे सहित 3 की मौत बिजली करेंट लगने से गई जान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भाटापारा से शनिवार को एक दुखद खबर सामने आयी। दरअसल, बिजली करंट लगने से मां-बेटे व बेटी की मौत हो गई। घटना सिमगा थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम दामाखेड़ा में शनिवार को मृतिका कमलेश्वरी देवांगन कपड़ा सुखाने के लिए गई थी। कपड़ा सुखाने के लिए बांधा गया तार में बिजली तार के संपर्क में आने से जैसे ही कमलेश्वरी ने गीले कपड़ों को तार में डाला तो तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गई। मां को बचाने गया 14 साल का शेष देवांगन और 12 वर्ष की बेटी जया देवांगन भी करेंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से तीनों मौके पर अचेत होकर गिर गए। आनन-फानन में तीनों को सिमगा सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां आरंभिक जांच में ही तीनो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

मेयर ने जल संयंत्र व वार्ड का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अत्याधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी में आई बाढ़ एवं वार्डो के कुछ हिस्सों में पानी भरने पर महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने मोहारा जल संयंत्र गृह और हल्दी वार्ड का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, पानी निकासी तथा प्लांट में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

महापौर ने जल संयंत्र गृह के निरीक्षण के दौरान कहा कि मोहारा नदी में अत्याधिक बाढ़ के कारण इंटकवेल में कचरा फंसने पर पानी सप्लाई बाधित हुई थी, इंटकवेल के आस-पास आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करे, जिससे ऐसी स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि जल संयंत्र गृह में आवश्यक सामाग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे, इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करे, जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो।

महापौर ने हल्दी वार्ड में निरीक्षण के दौरान कहा कि नदी से लगे वार्ड में बाढ़ का पानी भरने से इस तरह की स्थिति निर्मित हो जाती है। पानी भराव क्षेत्र में नाली व नालों में फंसे कचरा को निकालने के साथ-साथ कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी सुनिश्चित करें। वार्डो में क्लोरिन टेबलेट का वितरण करें, नलों एवं हैंड पंपों के आस-पास पानी निकासी कर दवा का छिडकाव करें। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह व विनय झा, जिला योजना समिति के सदस्य अमीन हुड्डा, पार्षद शरद पटेल व केवल साहू, पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति के अलावा निगम का तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

चौथे दिन भी कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा, बलिदानियों को किया याद

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में आजादी के 75 वर्ष पर पूर्ण होने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार विधानसभा स्तरीय आजदी गौरव पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं। बेमेतरा विधानसभा स्तरीय आजादी गौरव पद यात्रा के चौथा दिन ग्राम पंचायत सांकरा से नगर बेरला तक 15 किमी तक राष्ट्रीय झंडा तिरंगा को लेकर आजदी गौरव पद यात्रा निकाल बलिदानियों के बलिदान को याद किया गया। गौरव पद यात्रा के माध्यम से देश की आजादी के लिए बलिदान हुए देश भक्तो की शहादत को लोगो के दिलो में जिंदा बनाए रखना देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने का उद्देश्य देश को आजाद कराने में राष्ट्र के जिन महापुरुषों ने अपना जीवन न्यौछावार कर दिया था, आज उनके बलिदान को याद करने के लिए कांग्रेस पूरे देश में आजादी गौरव यात्रा निकाल रही हैं। इस अवसर पर रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, लूकेष वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रवि परगनिया, मौजीराम साहू, प्रवीण शर्मा, कविता साहू, हीरा वर्मा, सत्यभामा परगनिया, नवाज खान, सविता हिरवानी, नेहा सुराना, राजा साहू, चेतन बंजारे, टिकेंद्र परगनिया, मिथलेश वर्मा, कुशाल नायक, खिलेंद्र साहू, विकास वर्मा, प्रियांसु परगनिया सहित बड़ी संख्या कांग्रेसीगण उपस्थित रहें।

स्वच्छता सर्वेक्षण में संस्कारधानी को 4 थीं बार मिला ओडीएफ प्लस प्लस

राजनांदगांव। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता की केन्द्रीय टीम गत जुलाई माह में ओडीएफ प्लस प्लस के लिये छत्तीसगढ़ में आकर हर जिले में सर्वे की थी। सर्वे में राजनांदगांव नगर निगम को ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेट मिला। पूर्व में भी राजनांदगांव नगर निगम को तीन बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्राप्त हो गया था, चौथीं बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिलने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित निगम पदाधिकारियों ने नगर निगम की स्वच्छता, तकनीकी टीम के अलावा नागरिकों को बधाई दिये है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि चौथी बार ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा मिलना नगर निगम राजनांदगांव के लिये सौभाग्य की बात है। ओडीएफ के लिये हमारे स्वास्थ्य एवं तकनीकी टीम दिन रात मेहनत किये। उन्होंने कहा की सिर्फ निगम के भरोसे ही हमें ओडीएफ प्लस प्लस नहीं मिला, बल्कि हमारे पार्षदगण एवं शहर की जनता ने भी मेहनत एवं सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में भी सभी का सहयोग प्राप्त हुआ था जिसके कारण हमें सर्वेक्षण में आगे भी उच्च स्थान प्राप्त हुआ था।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि जुलाई में केन्द्र की तीन सदस्यीय स्वच्छता टीम शहर में सर्वे करने आये थे। टीम ने शहर के 22 टायलेट का सर्वे किया। इसी प्रकार शहर के हर कोने से 4 तालाब, 4 मैदानी क्षेत्र के अलावा व्यवसायिक क्षेत्र, हाट बाजार एवं शहर के अन्य क्षेत्रों का सर्वे कर फोटोग्राफ लेकर गये थे, जिसका अभी परिणाम हमारे नगर निगम को पुनः ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई एवं टेक्निकल टीम के दिन रात मेहनत एवं शहर वासियों के सहयोग से हमें सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। आगे भी इससे ज्यादा मेहनत कर ओडीएफ के अलावा स्वच्छता रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त करेंगे।

कॉरपोरेट टैक्स व बैंक लोन माफ करना कौन सा कल्चर : छाबड़ा

■ **आम जनता पर टैक्स और मोदी के कार्पोरेट सेक्टर मालामाल**

राजनांदगांव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी कल्चर वाले बयान को लेकर कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स और बैंक लोन में माफ करना कौन सा कल्चर है, प्रधानमंत्री पहले यह बताएं? श्री छाबड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने मित्र उद्योगपतियों के पिछले पांच सालों में 5.80 लाख करोड़ का बैंक कर्ज माफ किया है। इसके अलावा 1.45 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट टैक्स घटाया गया है, लेकिन इस कल्चर पर केंद्र सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है जिससे साबित होता है कि केंद्र सरकार अपने कार्पोरेट सेक्टर के लोगों का फायदा कराने जनता का खून चूस रही है। जबकि गरीबों को मिलने वाली छोटी-छोटी मदद को प्रधानमंत्री मोदी रेवड़ी कल्चर का नाम दे रहे हैं।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कॉरपोरेट के टैक्स माफी और उद्योगपतियों के बैंक कर्ज की माफी पर पहले केंद्र सरकार जवाब दें। उन्होंने कहा कि देश की सरकार को रेवड़ियां तो दिख रही है, लेकिन मुफ्त की बंट रही बजट पर नजर नहीं जा रहा है। छाबड़ा ने आगे कहा कि केंद्र ने संसद में स्वीकार किया है कि उसके द्वारा बट्टा खाते में डाली गई राशि में से केवल 1.03 लाख करोड़ की वसूली की गई है।

सीएम को ट्रेन उद्धाटन में नहीं बुलाना छत्तीसगढ़ का अपमान : कांग्रेस

रायपुर। दुर्ग से अंतागढ़ तक शुरू हुई ट्रेन के उद्धाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नहीं बुलाकर मोदी सरकार ने तय प्रोटोकाल का उल्लघन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि अबूझमाड़ से होकर दुर्ग से अंतागढ़ चलने वाली ट्रेन राज्य के लिये बड़ी उपलब्धि है। इस ट्रेन को शुरू करने में राज्य सरकार ने रेल्वे को हर प्रकार की सुविधायें उपलब्ध करवाई। कांग्रेस सरकार में जब यह परियोजना शुरू हुई और पूरी हुई परियोजना को करने में राज्य सरकार ने हर संभव मद्द किया है। इसके बावजूद रेल्वे मंत्रालय प्रदेश की तीन चौथाई बहुमत से चुनी सरकार के मुखिया से इस ट्रेन का शुभारंभ नहीं करवा कर प्रदेश की जनता का अपमान की है। मुख्यमंत्री प्रदेश में थे संयोग से उनका कांकेर जिले में कार्यक्रम भी था। रेल्वे को मुख्यमंत्री से उद्धाटन करवाने पहल करना था।

प्रथम पेज का शेष

एथलीट देश के...

इंग्लैंड के पश्चिमी मिडलैंड क्षेत्र के बर्मिंघम शहर में किया गया था। भारत और इंग्लैंड के समय में चार घंटे से ज्यादा का फर्क है, जिसकी वजह से आयोजन भारतीय समयानुसार देर रात तक चलता था। श्री मोदी ने कहा, आप सभी जब वहां मुकाबला कर रहे थे, हिन्दुस्तान में करोड़ों भारतीय 'रतजगा' कर रहे थे। देर रात तक आपके हर एक्शन पर देशवासियों की नज़रें थीं। कितने ही लोग बार-बार जागकर स्कोर देखा करते थे। खेलों के प्रति आकर्षण बढ़ाने में आप सब की भूमिका है और आप सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा, इस बार हमारे प्रदर्शन का इमानदार आंकलन सिर्फ पदकों की संख्या से करना सही नहीं है। हमारे कई खिलाड़ी कांटे की टक्कर देकर आये, जो पदक से कम नहीं है। जो 0.1 सेंटीमीटर, 0.1 सेकंड का फासला रह गया उसमें हम सुधार कर लेंगे। यह मेरा आप पर विश्वास है। भारतीय दल ने बर्मिंघम 2022 में अपने मजबूत क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के साथ-साथ नये खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने जहां रजत एवं कांस्य पदक हासिल किया, वहीं लॉन बॉल्स में भी भारत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। प्रधानमंत्री ने कहा, हॉकी में जिस प्रकार हम अपनी विरासत को फिर हासिल कर रहे हैं, मैं दोनों टीमों की उसके लिये सराहना करता हूं। पिछली बार की तुलना में इस बार हमने चार नये खेलों में जीत का रास्ता बनाया है। लॉन बॉल्स से लेकर एथलेटिक्स तक हमने जीत हासिल की। इसकी बदौलत युवाओं का खेलों में रुझान बढ़ने वाला है।

उन्होंने कहा, बॉक्सिंग हो, जूडो हो या कुश्ती हो, जिस प्रकार बेटियों ने वर्चस्व कायम रखा है वो अद्भुत है। आप सभी देश को सिर्फ एक पदक नहीं देते। आप जश्न मनाने का और गर्व करने का अवसर ही नहीं देते, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी सशक्त करते हैं। आप खेल में ही नहीं, बाकी क्षेत्रों में भी देश के युवाओं को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।卐

प्रधानमंत्री ने अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों की मिसाल देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी भी उसी भावना के साथ मैदान में उतरते हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने गांव, जिले या भाषा की परवाह किये बिना भारत के मान, अभिमान और देश की प्रतिष्ठा के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं।

देश को स्वाधीन ...

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद की विधायक संगीता सिन्हा, गोंडवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।?

विकास कार्यो की दी सौगात : इस अवसर पर सीएम ने ग्राम नारांगाव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुकालू राम कड़ियाम, स्व. बिसाहू राम गायकवाड़, स्व.पीताम्बर मंडावी, स्व. सरजू राम मंडावी सहित चारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु उनके प्रतिमा का निर्माण करने के लिए 20 लाख रूपए तथा शासकीय महाविद्यालय गुरूर का नामकरण क्षेत्र की प्रथम आदिवासी विधायक डारन बाई तारम के नाम से करने, आदिवासी सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख, प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास के 20 सीट को बढ़ाकर 50 सीट किए जाने तथा जीर्णोद्धार हेतु 20 लाख, मुख्य मार्ग गुरूर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 10 लाख तथा बालोद के बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण कराने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने ग्राम कोलिहामार ग्राम के विकास के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृत करने तथा विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खोलने की घोषणा भी की।

भाजपा ने जताई ...

चंद्राकर ने कहा है कि सचिन पूर्व में कांग्रेस विधायक पर हुए हमले के मामले में गिरफ्तार हुए थे। उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मामले की तत्काल न्यायिक जांच के आदेश जारी कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से उच्च स्तरीय जांच कराएं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने ...

कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। बारिश भी भाजपाइयों को रोक न सकी। भीगते हुए कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद... जिंदाबाद का नारा लगाते हुए नए प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

कार्यालय लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) Email-Lspsskm@gmail.com

// ई-निविदा सूचना // Contact No. 07987900070, 7869855731

निविदा सूचना क्रमांक 106791 दिनांक 22/08/2022

2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में पुनः ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/ निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/-रु.+311/- रु. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement portal : http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जानी है :-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय/जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	ई-निविदा सूचना क्रमांक 106791 शक्कर एस-30 विक्रय हेतु (उत्पादन वर्ष 2021-22)	दिनांक 13/08/2022 समय रात्रि 08.00 बजे से 22/08/2022 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 22/08/2022 समय दोपहर 12.30 बजे से

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेबसाइट www.lspssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

महाप्रबंधक

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्रमांक 202207101500039

अ-6अ वर्ष 2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बसंत चंद्राकर आ. बहलाप्रसाद चन्द्राकर निवासी ग्राम जामगांव एम तहसील पाटन द्वारा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 329 रकबा 0.20 हे. को अपने नाम आनलाईन दर्ज किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक बसंत चन्द्राकर आ. बहला प्रसाद चन्द्राकर ग्राम जामगांव एम तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.08.2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.08.2022 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400033/अ-2-2021-22

श्रीमती सविता त्रिपाठी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती सविता त्रिपाठी पति आलोक त्रिपाठी निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	449/27	0.010 हे. 870 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400213/अ-2-2021-22

श्री वीरेन्द्र सिंह

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री वीरेन्द्र सिंह पिता भगवान सिंह निवासी एमआईजी 1/866 हुडको भिलाई दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न 39 तह.व जिला दुर्ग	599/17	0.020 हे. 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400037/अ-2-2021-22

श्रीमती मोनिका पाण्डेय

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती मोनिका पाण्डेय पति अभिषेक पाण्डेय निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	446	0.010 हे. 870 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02 अगस्त 2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

202208100400214/अ-2-2021-22

श्री रविकांत निंगोर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रविकांत निंगोर पिता राम राव निंगोर निवासी म.नं. 13/एल सड़क एवेन्यू डी सेक्टर- 06 भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा क्षेत्रफल	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न 39 तह.व जिला दुर्ग	599/20	0.017 हे. 1800 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपने लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय नगर पंचायत भटगांव जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

07775-268970, फैक्स नं. 07775-268970 ई-मेल cmobhatgaon@rediffmail.com

क्र. 2511/तकनीकी/न.पं./2022-23 भटगांव, दिनांक 12.08.2022

द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत भटगांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदाएँ प्रभावशील P.W.D.S.O.R. Building/Road 01/01/2015 से कम/समान/अधिक प्रतिशत दर से 03 लिफाफा में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय
1	वार्ड क्र. 15 में प्राईमरी स्कूल से राजू घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	19.16	दिनांक 29.08.2022 समय 03.00 बजे
2	वार्ड क्र. 02 में प्राईमरी स्कूल से एप्रोच रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	17.96	
3	वार्ड क्र. 10 में निरंजन विश्वकर्मा घर से संजीव पटेल घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	3.77	
4	वार्ड क्र. 10 में संजय चौधरी घर से रंजुला झा घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	5.50	
5	वार्ड क्र. 05 में पौनी पसारी में नाली निर्माण कार्य।	5.94	
6	वार्ड क्र.12 कालीबाड़ी के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	1.19	
7	वार्ड क्र. 14 में अशोक पटेल घर से अभिषेक सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	5.30	
8	वार्ड क्र. 11 में मेन रोड से छठ घाट पहुंच मार्ग तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	2.71	
9	वार्ड क्र. 11 में विक्की सिंह घर से इरफान घर तक नाली निर्माण कार्य।	5.83	
10	वार्ड क्र. 14 में लाभराज घर से बाबु घर तक नाली निर्माण कार्य।	4.37	
11	वार्ड क्र. 14 में किस्टो मोदी घर से प्रभात घर तक नाली निर्माण कार्य।	1.31	
12	वार्ड क्र. 06 में नसीम घर से पम्प हाउस तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	2.12	
13	वार्ड क्र. 06 में पतरू घर से रमाशंकर घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	0.68	
14	वार्ड क्र. 07 में एस.एल.आर.एम. से मेन रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (शेष कार्य)	11.22	
15	नगर पंचायत भटगांव क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 सिवारीपारा में पेयजल हेतु पाईन लाईन विस्तार कार्य।	9.70	
16	वार्ड क्र. 13 में प्रशांत घर से जितेन्द्र घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.53	
17	वार्ड क्र. 13 में राजू पाण्डेय घर से सनोज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.53	
18	वार्ड क्र. 06 में मेन रोड से शिवमंदिर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	0.54	
19	वार्ड क्र. 11 में गोलू फोटो कापी से संतोष दुकान तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.25	
20	वार्ड क्र. 11 में सचिन घर से विनीत घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.78	
21	वार्ड क्र. 03 में पन्नालाल सोनी घर से नंदलाल घर तक नाली निर्माण कार्य।	3.59	
22	करबला के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	1.74	
23	वार्ड क्र. 06 में पुष्पवाटिका से शमीम घर तक नाली निर्माण कार्य।	14.33	
24	वार्ड क्र. 03 में मेन रोड से सन्तु घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	8.03	
25	वार्ड क्र. 03 में पप्पु देवांगन घर से रमेश चेरवा घर तक नाली निर्माण कार्य।	2.95	
26	वार्ड क्र. 03 में पूजा पंडाल से शंकर विश्वकर्मा घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	0.90	
27	वार्ड क्र. 03 में संजय सिंह घर के पास नाली निर्माण कार्य।	0.34	
28	वार्ड क्र. 01 में संतोष घर से संधारी घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	9.17	
29	वार्ड क्र. 14 में कमलेश कुशवाहा घर से दुर्गेश घर तक नाली निर्माण कार्य।	2.61	
30	वार्ड क्र. 14 में पोस्ट आफिस से मदरसा तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.10	
31	वार्ड क्र. 15 में शैलेन्द्र सिंह घर से आर.के. पाण्डेय घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.41	
32	वार्ड क्र. 15 में ओ.पी. यादव घर से पुखराज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.47	
33	वार्ड क्र. 15 में गौतम सिंह घर से स्टाफ क्लब तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.87	
34	वार्ड क्र. 15 में दिलीप मंडल घर से एस.के. सिंह बघेल घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.09	
35	वार्ड क्र. 15 में प्रमोद घर से एच.के. सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.78	

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, भटगांव
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

ब्रम्हाकुमारी दीदी के साथ विधायक यशोदा ने थाने में पुलिस अफसरों को बांधे रक्षासूत्र

खैरागढ़ नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व पर बहनों द्वारा भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा गया। विधायक यशोदा वर्मा ने ब्रम्हाकुमारी दीदी के साथ थाना पहुंच कर पुलिस अफसरों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। विधायक यशोदा वर्मा ने थाली में रक्षाबंधन, मिठाई सजाकर रखी थी। विधायक ने सबसे पहले टीआई नीलेश कुमार पांडे को तिलक लगाकर उनकी कलाई में राखी बांधी। इसके बाद मिठाई खिलाकर रक्षा का वचन लिया। जहां विधायक पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनसे यह वचन मांग रही हैं कि वह समय आने पर बहेनो की रक्षा करेंगे। विधायक ने पुलिस अफसरों की कलाई पर राखी बांधकर यह प्रदर्शित किया कि इन बहादुर सैनिकों की बदौलत ही आज हम सुरक्षित हैं। इनकी कर्तव्य परायणता ही सच्चा देश प्रेम देश-सेवा कही जाएगी। सच्चे मायने में तो ये ही भारत मां के वीर सपूत हैं। उन्होंने पुलिस विभाग के आला अफ्सरों सहित सभी कर्मचारियों को तिलक कर राखी बांधी मिठाई खिलाई।

बहनों ने बांधी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगा आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधी, तो भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बच्चों एवं महिलाओं समेत लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन को लेकर बहनें सुबह से ही तैयार होकर शुभ मुहूर्त में भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके लंबी उम्र की कामना की। वहीं यात्री बसों में महिलाओं की भीड़ देखी गई। पर्व को लेकर दूर-दराज से महिलाएं पहुंच रही थी।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने कलेक्टर ने की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त 2022 के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिलेवासियों से अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किए हैं। 13 से 15 अगस्त को समस्त शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, सामाजिक संगठनों एवं सर्वसाधारण जन के निवास स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया जायेगा। शासकीय विभाग छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हाथकरघा संघ से तिरंगा क्रय किया जा सकता है। जिलों के स्थानीय स्व- सहायता समूहों के स्थानीय दर्जियों के माध्यम से तिरंगा निर्माण करने से रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। पैम्पलेट, बैनर एवं संचार माध्यमों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया जाना है। जिलों में झंडे के वितरण/ बिक्री केन्द्र के रूप में उचित मूल्य की दुकान को स्थापित करना हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीद को प्रोत्साहित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है तथा जिले में पंचायत विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा।

अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/नवप्रदेश। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं के वित्तीय वर्ष 2022-23 में मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर एवं मेरिट-सह साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित किया गया है। छात्रों द्वारा नई छात्रवृत्ति (पहली बार आवेदन) तथा नवीनीकरण छात्रवृत्ति (वह आवेदक जिसने 2020-21 के दौरान छात्रवृत्ति प्राप्त की) हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति हेतु 30 सितम्बर 2022 तथा मैट्रिकोत्तर एवं मेरिट-सह साधन आधारित छात्रवृत्ति हेतु 31 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु पात्रता-आवेदक अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (जैन, बौद्ध, सिक्ख, पारसी, मुस्लिम, ईसाई) का विद्यार्थी हो। वह भारत में सरकारी या निजी विश्वविद्यालयों/ संस्थनों/ विद्यालयों में अध्ययन कर रहा हो, अध्ययन किया जा रहा पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो, आवेदक ने पिछले वार्षिक बोर्ड/ कक्षा की परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। छात्रवृत्ति हेतु इच्छुक आवेदक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल वेबसाइट www.scholarships.gov.in, www.minorrityaffairs.gov.in पर या मोबाईल एप्प National Scholarship (एनएसपी) पर छात्रवृत्ति योजनाओं में से किसी एक के लिए आवेदन कर सकते हैं।

कवि कुंभ में शामिल हुई भाटापारा की कवियत्री व लेखिका

भाटापारा/नवप्रदेश। हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा कवि कुंभ का आयोजन उत्तरप्रदेश के हस्तिनापुर शहर में आयोजित किया गया। जिसमें देश भर से 200 से अधिक नवांकुर एवं स्थापित कवियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के अध्यक्षता वीर रस के प्रसिद्ध कवि हरिओम पवार ने की जिसमें प्रमुख रूप से कविता तिवारी, कवि एवं अभिनेता शैलेश लोढ़ा भी उपस्थित रहें। उक्त आयोजन कवि सौरभ जैन सुमन कवियत्री अनामिका अंबर एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। जिसमें भाटापारा शहर निवासी कवियत्री, लेखिका एवं व्याख्याता सुश्री अन्नपूर्णा पवार आहुति भी शामिल हुई। उन्हें इस दौरान हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि सुश्री अन्नपूर्णा पवार आहुति छत्तीसगढ़ में वीर रस के कवियों एवं लेखकों में एक उभरता नाम हैं। 2020 में इनकी किताब आहुति कविताओं को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलों से विमोचित किया गया। इसके अलावा इनके लेख, आलेख व कविताएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में भी निरंतर छपते आ रहे हैं। वह एक दैनिक समाचार में एक स्तंभकार के रूप में भी ये कार्यरत हैं एवं दूरदर्शन व ऑल इंडिया रेडियो में भी कविता वाचन हेतु इन्हें आमंत्रित किया जाता है।

अंतागढ़ से रायपुर तक के रेल परिचालन को कांकेर सांसद मोहन मण्डावी ने दिखाई हरी झंडी

■ अंतागढ़ से भानुप्रतापपुर तक किए नेताओं ने किए एक साथ रेल यात्रा

कांकेर/अंतागढ/नवप्रदेश। अंतागढ़ क्षेत्र के लिए आज से रेल सुविधा का मिलना आजादी के अमृत महोत्सव में क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है । कांकेर सांसद मोहन मण्डावी द्वारा अंतागढ़ तक रेल परिचालन की क्षेत्रवासियों की माँग को गम्भीरता से लेते हुए केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर मांग किया जाता रहा है।

मोहन मण्डावी की मेहनत लगन व जुझारूपन के कारण दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर परियोजना के अंतगर्त अंतागढ़ से दुर्ग और रायपुर तक डीएमयू पैसेन्जर स्पेशल ट्रेन की सुविधा का विस्तार आज किया गया । जिसका शुभारम्भ सांसद मोहन मण्डावी द्वारा किया गया । पैसेन्जर ट्रैन की सुविधा मिलने से क्षेत्रवासियों को आवागमन मे मदद मिलेगी।

इस अवसर में सांसद मोहन मण्डावी ने क्षेत्रवासियों में बधाई देते हुए कहा कि यातायात के सबसे सरल और सस्ता साधन रेल परिवहन है कई दशकों तक बस्तर के अधिकांश लोगों को इसका लाभ नहीं मिलता रहा है लेकिन अब यह सुविधा हम बस्तरवासियों को भी मिलेगा।

दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर के लिए भी रेल लाईन के विस्तारीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा 500 करोड़ रूपए का रेलवे बजट में प्रावधान किया गया है। इसी तरह से भानुप्रतापपुर से गढ़चिरौली तक रेलमार्ग का कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ किया जाना है। रेलवे विभाग द्वारा इसकी पूरी तैयारी कर ली है इसके सर्वे के लिए भी 3 करोड़ 37 लाख रूपये का प्रावधान किया गया।

इस अवसर में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी, विधायक अनूप नाग पूर्व विधायक भोजराज नाग, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीष लाटिया, अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, जीतू मरकाम, दीपांकर दत्ता, मनेश्वर नाग, महेन्द्र ठाकुर, राजा पाण्डेय, रोषन मिश्रा, दीपसिंह सोलांकी, डीआरएम रेलवे श्याम सुन्दर गुप्ता, बीएसपी तपन सुत्रधार तथा बड़ी संख्या में मांझी, मुखिया, जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण एवं अधिकारी भी उपस्थित रहें।

भटगांव पहुंचने पर तिरंगा यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

भटगांव/नवप्रदेश। आजादी के 75 वे वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में हमर तिरंगा गौरव यात्रा के तहत भारत जोड़ो पदयात्रा विशाल रूप में संसदीय सचिव चंद्रदेव राय विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ हमर तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए संसदीय सचिव श्री राय के नेतृत्व में 10 अगस्त 2022 को रैली सरसींवा से भटगांव की ओर रवनगी हुई । जिस रैली के तिरंगा यात्रा की राष्ट्रीय ध्वज के स्वागत के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न रास्तों में पड़ने वाले शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के बच्चों को अपने विद्यालय के नजदीकी रास्तों पर यात्रा का जोरशोर से स्वागत किया गया।

उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान में सर्व संस्था प्रमुख बच्चों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे जैसे ही यात्रा उनके समीप पहुंचने पर पुष्पों के पंखुड़ियों से राष्ट्रीय तिरंगे झंडे का सम्म्मान किया गया ।

सरसींवा से भटगांव आने वाली रास्तों में पड़ने वाली समस्त स्कूलों के बच्चों ने पुष्प वर्षा कर तिरंगा का सम्मान किया गया। वहीं तिरंगा यात्रा भटगांव लगभग 3 बजे पहुंची दुर्गा मंदिर चौक के पास स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा का भव्य स्वागत किया गया जो बेमिसाल था। उसके बाद तिरंगा यात्रा भटगांव के कृषि उपज मंडी भोजन के लिए पहुंची।

मान तिरंगा, शान तिरंगा, हम सबका अभिमान तिरंगा कार्यक्रम के तहत वीर शहीदों को किया गया याद

श्रीफल पुष्पगुच्छ एवं तिरंगा ध्वज भेंट कर किया गया सम्मानित।

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के विश्राम भवन में आज दिनांक-13.08.2022 को *÷मान तिरंगा शान तिरंगा अभिमान तिरंगा÷* शहीद परिवार सम्मान कार्यक्रम के तहत प्रदेश के माननीय वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर के द्वारा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को याद करते हुए उनके परिजनों को सहसम्मान श्रीफल, साल, एवं तिरंगा ध्वज भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें शहीद परिवार (1)वीर शहीद श्री झल्लू प्रसाद नेवले जी के पुत्र श्री जितेंद्र नेवले एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम नेवले का श्रीफल साल एवं पुष्पगुच्छ व देश की शान तिरंगा भेंट कर सम्मान किया गया।(2) वीर शहीद श्री चंद्र सिंह मरावी जी की पुत्री संगीता मेरावी का पुष्पगुच्छ श्रीफल एवं तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया गया।(3) वीर शहीद श्री नरेंद्र शर्मा जी के भतीजे श्री राजेंद्र शर्मा को श्रीफल पुष्पगुच्छ व तिरंगा भेंट कर शहीद परिवारों का सम्मान कर वीर शहीदों को याद किया गया।

इस अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती मोनिका सिंह परिहार एवं पुलिस के अन्य राजपत्रित अधिकारी गण व थाना/चौकी प्रभारी तथा जिले के सम्माननीय जनप्रतिनिधि गण अधिक संख्या में उपस्थित रहकर शहीद परिवारों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित गये।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व मूल निवासी दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गोड़वाना गोंड महासभा राजनांदगांव जिला महिला प्रकोष्ट एवं नगर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मूल निवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फड़ापेन (बड़ा देव) की पूजा अर्चना से की गई। इसके पश्चात जिला महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक रामकुमारी धुर्वा ने कहा कि महिलाएं ही समाज का मुख्य आधार हैं, अतः एकजुट हों और समाज की प्रगति में अपना सतत योगदान दें। तिरुमाय नीरा नेताम (व्याख्याता) व तिरुमाल शंकरलाल छेदैय्या (शिक्षक) ने मूल निवासी दिवस मनाने के उद्देश्यों का विस्तृत विवेचन किया। तिरुमाल कार्तिक नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज आर्थिक रूप से कमजोर है, पर अपने रोटी, कपड़ा, मकान की चिंता के अलावा भी समाज के लिए हमें समय निकालना आवश्यक है। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष तिरुमाय सुशीला नेताम ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने नियमित कार्यो के अलावा समय निकालकर महिला प्रकोष्ट को आगे बढ़ाने हेतु अपनी कुशलता का प्रदर्शन करते हुए समाज की भाषा, संस्कृति एवं कला का प्रचार-प्रसार करें। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गोण्डी गीत एवं नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस की पदयात्रा लगातार जारी

भाटापारा/नवप्रदेश। आजादी के 75 वर्ष पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाटापारा विधानसभा में आयोजित पदयात्रा के तीसरे दिन ग्राम दतरेंगी से कढ़ार , जरहागांव होते सिंगारपुर पहुंची । रक्षाबंधन का दिन और गिरते पानी के बाद भी पदयात्री गण देश प्रेमी गाना के धुन में तिरंगा लेकर चलते रहे। पदयात्रा प्रभारी सुनील महेश्वरी ने कहा कि तिरंगा में लगे 24 चक्र का अर्थ केंद्र की मोदी सरकार पहले समझ ले और उस दिशा में कार्य करें तभी तिरंगा का सम्मान कहलाएगा

ग्राम दतरेंगी से पदयात्रा को झंडी दिखाकर निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने आगे गांव के लिए रवाना किया।पदयात्रा प्रभारी सुनील महेश्वरी ने कहा कि तिरंगे का महत्व भाजपा सरकार को अब समझ में आ रहा है लेकिन मोदी सरकार की कथनी और करनी में हमेशा अंतर रहता है केंद्र की मोदी सरकार जनता को अब तक इसी बात को लेकर उनका विश्वास नहीं जीत पाई है इसलिए वह जनता के बीच कन्फ्यूजन का मामला पैदा करती है। पंडित जवाहरलाल नेहरू जिन्होंने अपने परिवार के सब सुविधाओं को छोड़कर आजादी की लड़ाई लड़ी और सन 1929 में तिरंगे का झंडा फहराया, साथ ही उन्होंने एक दशक से ज्यादा समय तक आजादी के लिए जेल काटा। महेश्वरी ने आगे कहा कि देश का प्रधानमंत्री नेहरू गांधी परिवार से डरता है। उन्हें अच्छे से पता है या एक सच्चा परिवार है जो की देश की जनता के दिलों में राज करती है आज नहीं तो कल भाजपा और मोदी को जनता समझेगी। कार्यक्रम को भाटापारा मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, गोपाल साहू, दीपक वर्मा, गौरी भृगु , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मंडावी ने भी संबोधित करते हुए कहा की देश में लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया जा रहा है। मूलभूत समस्याओं से हटकर जनता को भ्रमित करने में मोदी सरकार को पी एच डी है।

बरसते पानी में कांग्रेसजनों ने निकाली गौरव यात्रा

संसदीय सचिव की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने पांच गांवों में की पदयात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। आजादी की 75वीं वर्षगांठ महोत्सव पर आयोजित गौरव यात्रा के तहत आज शनिवार को ग्राम पंचायत शेर से पदयात्रा शुरू हुई। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में बरसते पानी में कांग्रेसजनों ने पदयात्रा की।

आज शनिवार को ग्राम पंचायत शेर से गौरव यात्रा की शुरूआत हुई। बाद इसके ग्राम पंचायत कनेकेरा, मुरकी, धनसुली, मोरधा होते ग्राम पंचायत बकमा में कांग्रेसजनों ने गांव का भ्रमण किया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों ने देश को बर्बादी की ओर धकेल दिया है। आज देश का हर वर्ग त्रस्त है। भाजपा सरकार की राजनीति देश के लिए खतरनाक साबित हो रही है और इसके खिलाफ आवाज बनकर हम सभी को खड़े होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठा रही है। कांग्रेस ने हमेशा देश के हित की लड़ाई लड़ी है। आजादी के लिए कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास है। कांग्रेस नेताओं ने अनेक यातनाएं झेली, देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराया। आजादी के बाद कांग्रेस की सरकार ने देश को हर मोर्चे पर ताकत दी। कांग्रेस के उसी आंदोलन व कांग्रेसियों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की कहानी लोगों तक पहुंचाने व देश की आजादी की लड़ाई लड़ते शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आजादी की गौरव यात्रा निकाली जा रही है।

गौरव यात्रा में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, बीज अनुसंधान समिति छग के संचालक दाउलाल चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, सुरेश द्विवेदी, विजय साव, जनपद सदस्य आरिन चंद्राकर, पूर्व पार्षद विजय साव, राजू साहू, हुलासगिरी गोस्वामी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन गायकवाड़, गोविंद साहू, मिंदर चावला, गुरूमीत चावला, जावेद चौहान, सुनील चंद्राकर, सोमेश दवे, अमन चंद्राकर, प्रकाश आजमानी, दिनेश दुबे, मनोहर ठाकुर, सुभम, खेमराज ध्रुव, प्रदीप चंद्राकर, परमानंद साहू, शेखर चंद्राकर, चमन सिन्हा, रविसिंह ठाकुर, सतीश कन्नौजे, रेखराज पटेल, लीलू साहू, मोती राम साहू, बीआर नायक, संतोष धीवर, आकाश निषाद, सुरेंद्र ठाकुर, जानी खान, लता कैलाश चंद्राकर, प्रतिभा यदु, आरती महंती, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

हिन्दू युवा मंच निकालेगा आज भव्य स्वाधीनता रैली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगांव स्वाधीनता रैली के माध्यम से, राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त दोपहर 12.30 बजे विशाल बाईक रैली निकालकर आजादी का जश्न पूरे जोर-शोर से मनाएगा। अखण्ड भारत निर्माण की परिकल्पना को सार्थक करने के महत्वकांक्षी उद्देश्य के चलते इस दिन को यादगार बनाने हिन्दू युवा मंच अखंड भारत दिवस मनाने जा रहा है। उक्त अवसर पर शहर में बाईक रैली भी निकाली जाएगी। जिसमें सभी वर्ग, समूह, सामाजिक संस्थाएं और शहर सहित जिलेभर के गणमान्य नागरिक और युवा बड़ी संख्या में शामिल रहेंगे।उक्त स्वाधीनता रैली हिन्दू युवा मंच के जिला अध्यक्ष किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में और शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शहर संयोजक राजा ताम्रकार और जिला उपाधयक्ष लोकेश यदु के नेतृत्व में निकाली जाएगी। देश की एकता, अखण्डता और सम्प्रभुता को चीर स्थाई बनाने हिन्दू युवा मंच विशाल बाईक रैली के माध्यम से स्वाधीनता रैली निकालेगा। पूरे देश, प्रदेश और जिले में वैश्विक आपदा कोरोना संक्रमण का साया होने के कारण बीते तीन सालों तक यह रैली को स्थगित रखा गया था। कोरोना संक्रमण का अब खतरा न होने के कारण और फिर से सामान्य होने के बाद इस वर्ष फिर से स्वाधीनता रैली का आयोजन हिन्दू युवा मंच के द्वारा किया जा रहा है। इससे पूर्व अंतिम बार 2018 में यह स्वाधीनता रैली पूरे उत्साह के साथ मनाई गई थी। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर आज 14 अगस्त को निकाली जाने वाली भव्य बाईक रैली स्थानीय स्वामी विवकानंद चौक (कमला कॉलेज चौक) से दोपहर 12.30 बजे से प्रारंभ होकर, शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए वापस स्वामी विवेकानंद चौक पर समाप्त होगी।

गौरव यात्रा का ग्रामीणों ने तिलक लगाकर किया स्वागत, वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस की गौरव यात्रा शुक्रवार को ग्राम डिलापहरी चौक से निकली, जो गांव का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर घुमरिया चौक पहुंची। जहां गांव के वरिष्ठजन अशोक वर्मा, आशा साहू, ईश्वरी वर्मा, बुधनाथ पाटिल, चैतूराम नेताम, भीखू वर्मा, गोपाल साहू, झाडूराम वर्मा, चैतराम वर्मा, शेखर वर्मा, दिलीप राजपूत किया गया।

गौरव यात्रा के विधानसभा प्रभारी कुलबीर सिंह छाबड़ा की अगुवाई में पदयात्रा सम्मान कार्यक्रम के बाद पदयात्रा बरगाही से होकर धर्मापुर पहुंची। पदयात्रा के गांव में दाखिल होते ही ग्रामीणों ने तिलकर लगाकर यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। धर्मापुर के बाद आजादी की गौरव यात्रा बागतराई के लिए रवाना हुई, जहां कांग्रेसजनों द्वारा बागतराई के दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना और वीरांगना अंवती बाई लोधी के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। बागतराई में भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां ग्राम प्रमुख अर्जुन यादव, ब्रजदास मारकंडे, मनोज वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता ठाकुर, मैनबाई मारकंडे, पंचबाई मारकंडे, मितानिन ज्योति मारकंडे का प्रशस्ति पत्र व श्रीफल से सम्मान किया।

गौरव पत्र यात्रा आगे बढते हुए ग्राम गातापार पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पटाखे फोड़कर पदयात्रा का स्वागत किया। इस दौरान गर्मजोशी के साथ गांव का भ्रमण करते हुए भारत माता के जायकारे लगाए। गातापार में खेमचंद मारकंडे, गंगादास मारकंडे, लंबोदर सिंह, गैदू बंधे, दिलीप साहू, ललिता यादव, शैलेन्द्र यादव, भुनेश्वर साहू, भुवन वर्मा, लालाराम साहू व राजीव मितान क्लब के सदस्यों को सम्मान किया। इसी तरह ग्राम सुकुलदैहान में पदयात्रा धार्मिक जगहों पर मत्था टेकते हुए आगे बढ़ती रही। कांग्रेस की गौरव यात्रा को देख स्कूली बच्चों ने भी भारत माता की जयकारें लगाकर पदयात्रा का उत्साहवर्धन किया। सुकुलदैहान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं गांव के वरिष्ठजन रामकृष्ण वैष्णव, भोपूदास वैष्णव, उमेंदीराम साहू, सतीश साहू, गोपी देवांगन, दिनदयाल देवांगन, चेतन खरे, अमृत मारकंडे, कार्तिक देवांगन, तुलसी देवांगन का प्रशस्ति पत्र व श्रीफल से सम्मान किया।

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, पुलिस परेड ग्राउंड पर हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

■ **कलेक्टर-एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय समारोह आयोजित होगा। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज सुबह फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की मौजुदगी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने समारोह के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आज की फु ल ड्रेस रिहर्सल में मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी भी ली। इस दौरान हर्ष फ ायर भी किए गए।

43 पुलिस अधिकारियों को दिए जाएंगे पदक अलंकरण

मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस समारोह में 43 पुलिस अधिकारियों को पदक-अलंकरणों से सम्मानित करेंगे। समारोह में भारतीय पुलिस पदक, पुलिस वीरता पदक, पुलिस पदक, सुधारात्मक सेवा पदक, केन्द्रीय गृह मंत्री मेडल और राज्य स्तरीय पुरूस्कार दिए जाएंगे।

3 सर्वश्रेष्ठ गौठानों को भी दिया जाएगा पुरस्कार

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत स्थापित किए गए गौठानों में से पूरे प्रदेश में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले 3 गौठानों को भी पुरूस्कृत किया जाएगा। दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के केसरा, रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के चटौद और कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के डौण्डे हरनगढ़ गौठान को मुख्यमंत्री बघेल पुरस्कृत करेंगे।

आगर नदी बौराई, पानी में बह रहे चप्पल को निकालने के फेर में युवक बहा

■ **गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुटी, देर शाम तक युवक का नहीं चला पता**

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के सभी नदी-नाले ऊफान पर है। मुंगेली जिले की प्रमुख नदियां आगर, मनियारी, रहन, मोहपाड़ एवं टेसुआ नाला पाटो पाट चल रही है। नदी में बाढ़ को देखने के लिए पुल एवं आसपास लोगों का हुजूम लगा हुआ है। वहीं आगर नदी का जलस्तर बढ़ने के चलते मुंगेली में एक युवक नदी में बह गया। बताया जा रहा है कि पुराने पुल से लगे शंकर मंदिर में एक स्थानीय युवक दर्शन के लिए गया था। जब वह दर्शन कर बाहर निकला तो मंदिर के बाहर रखी उसकी चप्पल नदी के बहाव में बहने लगी। अपनी चप्पल हासिल करने की कोशिश में वो पानी में उतर गया और फिर अपना संतुलन खो बैठा, जिसके चलते वह नदी के तेज बहाव में बह गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी के भंवर में फ ंसकर युवक अपना संतुलन खो दिया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार युवक का नाम शेष नारायण सोनी (40 साल) निवासी पुल पारा बताया जा रहा है। युवक के आगर नदी में बह जाने की खबर मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। तत्काल गोताखोरों को मौके पर बुलाकर युवक की तलाश जारी है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल पाया।

नदी-नालों में सुरक्षा भगवान भरोसे

पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मुंगेली में आगर नदी उफान पर है। पिछले कुछ दिनों से दोनों तटों को तोड़ती आगर नदी अब नए पुल को छूती हुई गुजर रही है। आगर नदी का जलस्तर इस कदर बढ़ चुका है कि पुराना पुल डूब चुका है। वही नदी किनारे बने मकान और दुकानों में पानी घुस चुका है। बड़ा बाजार क्षेत्र के कई घरों और दुकानों में कई कई फि ट पानी घुस चुका है। जिला प्रशासन उन क्षेत्रों में रेस्क्यू का दावा भी कर रहा है, लेकिन स्थानीय लोगों की शिकायत है कि पूल में जलस्तर बढ़ने के बाद अभी तक ना तो किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और ना ही कोई नोटिस बोर्ड चस्पा किया गया था युवक के बह जाने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। लोग बता रहे हैं कि जिला प्रशासन ने समय रहते किसी तरह की तैयारी नहीं की, जिस वजह से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात है।

नपा अध्यक्ष पहुंचा रहे खाना

नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी बाढ़ प्रभावित इलाकों का लगातार दौरा कर रहे हैं। वहीं प्रभावित परिवारों तक पालिका की पूरी टीम सुबह से ही लोगों को खाने पीने और रहने के लिए व्यवस्था करने में लगी रही। बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने के लिए एवं खाने-पीने के लिए इनके द्वारा आश्रम स्थल नया बस स्टैंड में इंतजाम किया गया। साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां के लोग खाना खाने नहीं जा सकते उनके लिए नगर पालिका की टीम पार्षद एवं पार्षदों के द्वारा घर-घर जाकर खाने पर बैठने की व्यवस्था की गई। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी सहित नगर पालिका की टीम और पार्षदगण श्रीनिवास सिंह, राहुल कुर्रे, रोहित शुक्ला, सोम वर्मा, प्रभु मल्लाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नदी के किनारे बस्तियों में पानी आने से प्रभावित होने वाले घर के लोगो के लिए समीप के स्कूल एवं सामुदायिक भवन में ठहराने की व्यवस्था की जा रही है।

जमने लगा आजादी जश्न का माहौल, घर-घर लहरा रहा तिरंगा

■ **हमर तिरंगा अभियान के लिए शहर वासियों में उत्साह, घर में तिरंगा फहराने के साथ दूसरों को भी झण्डे बांट देशभक्ति का दे रहे संदेश**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर पूरे जिले सहित रायपुर शहर में भी आजादी के जश्न का माहौल जमने लगा है। हमर तिरंगा अभियान के तहत गांव-गांव, शहर-शहर, घर-घर, दुकानों-ऑफिसों में नगर वासी तिरंगा झण्डे लहरा रहे है। आजादी की अमृत महोत्सव के तहत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अपील पर 11 से 17 अगस्त तक हमर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शहरवासी मुख्यमंत्री के आह्वान पर घर-घर तिरंगा फ हराने के लिए शहरवासी खासे उत्साहित है। शहर के अधिकांश घरों में राष्ट्र की पहचान तिरंगा झण्डा आन-बान और शान से लहरा रहा है। नगर वासी अपने घरों में तो तिरंगा झण्डा फ हरा ही रहें है साथ ही आस-पड़ोस के दूसरे लोंगो को भी झण्डा फहराने के प्रेरित कर रहें है। कई जगहों पर समूह बनाकर लोग दूसरों को तिरंगें झण्डे बांट भी रहे है। अमलीडीह की कल्पतरू सोसायटी में बाजे-गाजे के साथ घर-घर फ हरा तिरंगा-रायपुर शहर के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड की श्रीजी कल्पतरू सोसायटी में लोगों ने आज गाजे-बाजे के साथ घरों में तिरंगा झण्डा फ हराया। सोसायटी के सदस्य समूह में ढोल बजाते हुए निकले और लोगों को तिरंगे झण्डे बांटे। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। आजादी के जयकारे लगाते हुए देश-भक्ति का माहौल बनाया।

रेप के आरोपी की सेंट्रल जेल में मौत

■ **वर्कआउट करते समय अचानक गिरा और चली गई जान**

रायपुर। रायपुर की सेंट्रल जेल में एक कैदी की मौत हो गई। ये कांड बीती रात हुआ। जानकारी के मुताबिक कैदी जेल कैंपस में व्यायाम कर रहा था, तभी उसके सीने में दर्द हुआ और उसकी मौत हो गई। जेल अधीक्षक उत्तम पटेल ने बताया कि विचाराधीन कैदी प्रदीप चौधरी रोजाना व्यायाम करता था। उसने सीने में दर्द होने की जानकारी जेल प्रशासन को दी। जेल प्रशासन ने उसे जेल के अस्पताल में जांच के लिए भेजा। डॉक्टर ने दर्द का इंजेक्शन दिया। जिसके बाद वह अस्पताल में ही लेटा रहा और उसकी मौत हो गई। जेल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कैदी को बॉडी बिल्डिंग का शौक था। जेल में भी उसका ये शौक जारी था। रेप के आरोपी में वो जेल में बंद था। साल 2020 से वो रायपुर की सेंट्रल जेल में ही रह रहा था। एक्सरसाइज के दौरान पुशअप करते हुए उसे सीने में दर्द हुआ था। कैदी इलाहाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। इस मामले में जेल प्रशासन न्यायिक जांच करेगा, ताकि कैदी की मौत के कारणों का पता लग सके। माना जा रहा है कि हार्ट अटैक की वजह से उसकी जान गई।

एक सप्ताह में दूसरी मौत

इससे पहले 9 अगस्त मंगलवार के दिन रायपुर के सेंट्रल जेल में एक कैदी ने खुदकुशी कर ली थी। अपने ही शर्ट को फंदा बनाकर कैदी ने जान दे दी थी। यह घटना जेल के अस्पताल वार्ड में हुई थी। महेंद्र नाम का कैदी मानसिक रूप से परेशान था। बलौदाबाजार जिले के रहने वाले महेंद्र को साल 2018 में रायपुर सेंट्रल जेल लाया गया था। उसे अदालत ने 14 साल की सजा दी थी।

वर्धा यार्ड का आधुनिकीकरण व नॉन इंटरलाकिंग, रेलवे ने रद्द की 4 ट्रेनें

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले कुछ महीनों से रेलवे द्वारा विभिन्न कारणों से ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला जारी है। बार-बार रद्द की जा रही ट्रेनों की वजह से यात्री अब काफी परेशान हो चुके हैं। अब एक दफा फिर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने फिर चार ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ये ट्रेनें 15 से 17 अगस्त तक कैंसिल रहेंगी। जानकारी के मुताबिक, नागपुर रेल मंडल के वर्धा-चीतोडा रेलवे स्टेशन के बीच वर्धा यार्ड का आधुनिकीकरण और नॉन इंटरलॉकिंग काम किया जाएगा। इसकी वजह से रायपुर-बिलासपुर से होकर गुजरने वाली चार महत्वपूर्ण ट्रेनों को रद्द किया है। बता दें कि इसके पहले रक्षाबंधन पर्व पर रेलवे ने विकास कार्य के बहाने 63 ट्रेनों को रद्द कर दिया था।

ये ट्रेंनें हुई रद्द

1. 15, 16 एवं 17 अगस्त तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से छूटने वाली 11039 छत्रपति शिवाजी महाराज-गोंदिया स्पेशल रद्द रहेगी।
2. 16, 17 एवं 18 अगस्त तक गोंदिया से छूटने वाली 11040 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल स्पेशल रद्द रहेगी।
3. 15 एवं 16 अगस्त को शालीमार से छूटने वाली 18030 शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
4. 15 एवं 16 अगस्त को कुर्ला से छूटने वाली 18026 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

झंडा लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है तथा एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मनेंद्रगढ़ शहर के बस स्टैंड में तिरंगा झंडा लगाने के दौरान नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ के दो ठेका मजदूर करंट की चपेट में आ गए। इस घटना में एक मजदूर सुमन तिग्गा (36) की मौत हो गई है। वहीं रामकृपाल सिंह (35) घायल हो गया है। पुलिस को जानकारी मिली है कि 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद ने नगर में झंडा लगाने के लिए मजदूरों को कार्य पर लगाया है। दोनों ठेका मजदूर शनिवार सुबह बस स्टैंड में झंडा लगा रहे थे तभी दोनों करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद दोनों मजदूरों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुमन को मृत घोषित कर दिया। घायल रामकृपाल का उपचार जारी है। नगर पालिका परिषद ने मृत मजदूर के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में एक लाख रुपए प्रदान किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

पुनिया का बीजेपी पर तंज, कहा- अध्यक्ष बदलने से नहीं चलेगा काम

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया शनिवार को रायपुर पहुंचे। पुनिया आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की राजीव भवन में बैठक लेंगे। 15 अगस्त को कांग्रेस तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर रायपुर में आयोजित सभा में शामिल होंगे। एयरपोर्ट में मीडिया से चर्चा करते हुए पीएल पुनिया ने कहा कि 2 दिन में कांग्रेस के कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा में अंतर कलह बहुत बढ़ गया है। पिछले 4 साल में चार अध्यक्ष बदल दिए हैं। उन्होंने कहा कि केवल अध्यक्ष बदलने से काम नहीं चलेगा। संगठन उनके साथ नही हैं। पुनिया ने कहा कि 2023 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा गलतफहमी में ना रहे। कांग्रेस सत्ता और संगठन में अच्छा तालमेल है। इसीलिए कांग्रेस विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लगातार जीत दर्ज की है।

उमेश द्विवेदी के निधन पर सीएम ने जताया शोक

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त अपर संचालक उमेश द्विवेदी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने श्री द्विवेदी के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। ज्ञातव्य है कि उमेश द्विवेदी ने जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त सचिव एवं संचालक के पद पर भी सेवाएं दी।

पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में हुआ ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डंगनिया में आज सुबह ध्वजारोहण किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) केके भौरासे ने ध्वजारोहण कर तिरंगे की सलामी ली। इस अवसर पर सुरक्षा एवं सतर्कता विभाग ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक विनोद अग्रवाल एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर ए श्रीनिवास राव उपस्थित थे। 14 अगस्त को भी ध्वजारोहण किया जायेगा। मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 7.40 बजे होगा इसमें पॉवर कंपनी के अध्यक्ष अंकित आनंद ध्वजारोण करेंगे। इसमें उत्कृष्ठ कार्य करने वाले विद्युतकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक

■ **जिला स्तर पर नेत्रदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने और नेत्रदान कराने का निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। नेत्रदान महादान की परिकल्पना को साकार करते हुए राष्ट्रीय अंधता व दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आगामी 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान जिला स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही इच्छुक लोगों से संकल्प पत्र भरवाकर उन्हें और उनके परिजनों को नेत्रदान करने की अपील की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों के सीएमएचओ को पत्र जारी कर जिला स्तर पर नेत्रदान के लिए कार्यक्रम आयोजित करनेए लोगों को प्रोत्साहित करने और अधिक से अधिक नेत्रदान कराने का निर्देश दिया गया है। इस बारे में राज्य नोडल अधिकारीए अंधत्व निवारण कार्यक्रम डॉ सुभाष मिश्रा ने बताया 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है।

होंगे विविध कार्यक्रम

पखवाड़ा के दौरान नेत्रदान के महत्व और इसके लाभ के बारे में लोगों को बताया जाएगा। साथ ही 8 सितंबर तक विविध जागरूकता कार्यक्रम, सेमीनार, कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक, ब्लाक स्तर एवं स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर संगोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर लगाकर नेत्र की जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण, मूक बधिर स्कूल में नेत्र परीक्षण, जेल में कैदियों का नेत्र परीक्षण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस दौरान लोगों को नेत्रदान करने और कराने के लिए संकल्प पत्र भी भरवाया जाएगा। इसके लिए नेत्र विशेषज्ञोंए नेत्र सहायकों एवं अंधत्व निवारण समिति के सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

कृष्ण कुंज की तैयारी जोरों पर, कलेक्टर ने लिया जायजा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल में जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम कुकरदी में वन विभाग द्वारा बनाएं जा रहें कृष्ण कुंज उद्यान का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक झा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता एवं डीएफ ओ के आर बढ़ई भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को राज्य शासन से प्राप्त गाइडलाइंस के अनरूप शीघ्र ही कार्य पूरा करनें के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि शहरी क्षेत्रों में कृष्ण कुंज नाम से वन विभाग द्वारा गार्डन विकसित किया जाना है। जिसका शुभारंभ कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर की जाएगी।

इसके लिए जिले सभी नगरीय निकायों में भूमि का चिह्नांकन कर लिया गया है। कृष्ण कुंज में वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजाति के छायादार और फ लदार पौधों का रोपण किया जाएगा। इससे पौधे के संरक्षण और विकास के साथ ही नगर वासियों को स्वच्छ वातावरण में घूमने-फि रने और आराम करने की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने उक्त स्थलों पर नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग से कृष्ण कुंज तक पहुंच मार्ग और मुख्य द्वार बनाने तथा समुचित रूप से जल निकासी के निर्देश दिए है।